प्रयागराज, कानपुर, रायबरेली, कौशाम्बी, इटावा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव, वाराणसी, मिर्जापुर, हमीरपुर, जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश मे प्रसारित

फतेहपुर संस्करण | फतेहपुर/लखनऊ से प्रकाशित | R.N.I : UPHIN/ 2011/44792



राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक | केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

# न्यूज़ वाणी

www.newswani.in

ड्राट मतदाता सूची जारी, भाजपा का क्यों बढ़ा टेंशन? पेज- 2

पेज-6 प्रदेश स्तरीय चयन व ट्रायल्स की तिथि घोषित

वर्ष : 15 अंक : 25 | मंगलवार 13 जनवरी, 2026 | डाक पंजीयन संख्या: एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025–27/106 | पृष्ठ 06 मूल्य 1.00 रूपया

## अहमदाबाद में हुआ अंतरराष्ट्रीय पतंग महोत्सव का हुआ आगाज

### पीएम मोदी–जर्मन चांसलर ने लिया पतंगबाजी का आनंद

(एजेंसी) अहमदाबाद। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को अहमदाबाद के साबरमती रिवरफ्रंट पर अंतरराष्ट्रीय पतंग महोत्सव–2026 का उद्घाटन किया और बाद में जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज के साथ पतंगबाजी का आनंद लिया। साबरमती आश्रम में महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देने के बाद प्रधानमंत्री मोदी और चांसलर मर्ज साबरमती रिवरफ्रंट गए, जहां राज्य सरकार ने पतंग महोत्सव का आयोजन किया है। कार्यक्रम स्थल पर मोदी और मर्ज ने महिला कारीगरों से बातचीत की और पतंग बनाने की प्रक्रिया को समझा। उद्घाटन के बाद दोनों नेताओं ने खुले वाहन में सफर किया और पतंग भी उड़ाई। गुजरात सरकार की एक विज्ञप्ति के अनुसार, 50 देशों के 135 पतंगबाज और भारत से लगभग 1,000 पतंग प्रेमी अहमदाबाद में अंतरराष्ट्रीय पतंग महोत्सव–2026 में भाग ले रहे हैं। इसमें कहा गया है कि महोत्सव के रूप में पतंगबाजों ने पिछले दो दिनों के दौरान राजकोट, सूरत, धोलावीरा (कच्छ में) और 'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' (नर्मदा) जैसी जगहों का दौरा किया है और आगंतुकों को मंत्रमुग्ध कर दिया है। अहमदाबाद में यह महोत्सव 14 जनवरी तक जारी रहेगा। पिछले साल इस महोत्सव ने पूरे गुजरात में 3.83 लाख से अधिक आगंतुकों को आकर्षित किया था।'अंतरराष्ट्रीय पतंग महोत्सव' के माध्यम से गुजरात पर्यटन आगंतुकों को धोलावीरा और 'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' जैसे प्रमुख सांस्कृतिक और पर्यटन स्थलों की ओर आकर्षित कर रहा है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि इस साल अंतरराष्ट्रीय पतंग महोत्सव देखने के लिए पांच लाख से अधिक पर्यटकों के गुजरात आने की उम्मीद है।



## पीएम मोदी ने गांधीनगर के महात्मा मंदिर में जर्मन चांसलर मर्ज के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की बातचीत की

(एजेंसी) गांधीनगर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज ने सोमवार को गांधीनगर के महात्मा मंदिर कन्वेंशन सेंटर में डेलीगेशन स्तर की बातचीत की, जिसमें भारत–जर्मनी के सहयोग को और बढ़ाने पर जोर दिया गया। यह बैठक दोनों देशों के बीच 25 साल पुरानी रणनीतिक साझेदारी की प्रगति की समीक्षा करने और विभिन्न क्षेत्रों में साझेदारी को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से हुई। बैठक में दोनों नेताओं ने व्यापार और निवेश, तकनीक, शिक्षा, स्किल और मोबिलिटी में सहयोग पर चर्चा की। इसके अलावा रक्षा और सुरक्षा, विज्ञान, अनुसंधान, हरित विकास, और लोगों के बीच संबंधों जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में साझेदारी को और मजबूत करने पर भी ध्यान दिया गया। इससे पहले दिन में पीएम मोदी और चांसलर मर्ज साबरमती रिवरफ्रंट पर अंतरराष्ट्रीय पतंग महोत्सव में पहुंचे थे। उनका स्वागत पारंपरिक गुजराती स्कार्फ और जश्न के माहौल में किया गया। राज्य के अलग–अलग हिस्सों से आए कलाकारों ने जर्मन लीडर का स्वागत पारंपरिक नृत्य और लोक संगीत के जरिए किया। दोनों नेताओं ने पतंग उड़ाते हुए उत्सव का आनंद लिया। प्रधानमंत्री मोदी को श्भारत दृ वसुधैव कुटुम्बकम्य संदेश वाली विशेष पतंग उड़ाते देखा गया, जो दुनिया को एक परिवार मानने की भारत की सोच को दर्शाती है। कई पतंगों पर तिरंगा, हिंदू देवी–देवता, और दोनों नेताओं के डिजाइन भी थे। पतंग उड़ाने के दौरान नदी किनारे भारी भीड़ जमा हुई और लोग भारतीय और जर्मन झंडे लहराते दिखे, जो दोनों देशों के गहरे रिश्तों और बढ़ती साझेदारी का प्रतीक था। महोत्सव में हिस्सा लेने वाले कई अंतरराष्ट्रीय प्रतिभागियों से पीएम मोदी व चांसलर मर्ज ने बातचीत की। प्रधानमंत्री मोदी ने जर्मन चांसलर को उत्तरायण के सांस्कृतिक महत्व और सजावट के बारे में जानकारी दी। इसके अलावा, दोनों नेताओं ने साबरमती आश्रम का दौरा कर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने गांधी के जीवन और विरासत को प्रदर्शित करने वाली प्रदर्शनी देखी और जर्मन चांसलर ने विजिटर्स बुक में अपने विचार भी लिखे। पीएम मोदी और चांसलर मर्ज के बीच मुलाकात भारत–जर्मनी रिश्तों को मजबूत करने और सांस्कृतिक आदान–प्रदान को बढ़ावा देने के प्रयास के तौर पर देखने को मिली।



## भ्रष्टाचारमुक्त प्रशासन देने में ताकत झोंक रहे सहायक रजिस्ट्रार फर्म सोसाइटीज एवं चिट्स

न्यूज वाणी ब्यूरो

प्रयागराज। सहायक रजिस्ट्रार फर्म सोसाइटीज एवं चिट्स मनोज कुमार की कार्यशैली आमजन की ईमानदारी से सेवा करना एवं तैनाती वाले विभागों में भ्रष्टाचार को समाप्त करना है। उनका कहना है कि किसी भी बड़े पद पर नियुक्ति गाड गिफटेड होती है इसलिये ईश्वर की बक्शी इस कुर्सी पर बैठ कर बेईमानी करना मुनासिब नही होता। मूल रूप से देवरिया जनपद के रहने वाले और कृषक परिवार में जन्में मनोज कुमार नौकरी में आने से पहले खेतीण्किसानी करते थे। उनके परिवार में कोई भी नौकरी नही करता। मनोज कुमार सोसाइटीज के रजिस्ट्रार बनने से पहले लखनऊ में माध्यमिक शिक्षा परिषद में 4 वर्ष तैनात रहे है। इसके अलावा मत्स्य विभाग में भी व्याप्त भ्रश्टाचार पर अंकुश लगाने का काम किया था अपनी तैनाती के दौरान भ्रश्टाचार के खिलाफ कठोर रहे है। मनोज कुमार ने इसी वर्ष 17 जून को सहायक रजिस्ट्रार फर्म सोसाइटीज एवं चिट्स मेंकार्यभार संभाला था। उनके आने के बाद से अब लोगों को कार्यालय के चक्कर नही लगाने पड़ रहे है। बल्कि ईमानदारी से लोगों का काम समय से हो रहा है। यदि ऐसे ही अधिकारी अपनी जिम्मेदारी को समझ कर कार्य करे तो लोगों का शासन व प्रशासन के प्रति विश्वास में इजाफा होगा। उन्होने अपने कार्यकाल में लोगो को कार्यालय के चक्कर न लगाने के मकसद से आधार द्वारा ओटीपी से नवीनीकरण व् पंजीयन सेवा शुरू करा रहे है। ताकि फ़र्ज़ी तौर पर संस्था का पंजीयन व् फ़र्ज़ी हस्ताक्षरों से नवीनीकरण जैसे गोरखधंधे पर अंकुश लगाया जा सके अब हर जरूरतमंद को अपनी फाइलों के निस्तारण की जानकारी घर बैठे ऑनलाइन मिल सकेगी।




## राष्ट्रीय युवा दिवस पर खड़गे का सदेश, स्वामी विवेकानंद को श्रद्धांजलि

(एजेंसी) नयी दिल्ली। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएँ दीं। अपने संदेश में उन्होंने भारत के महान चिंतक, दार्शनिक और आध्यात्मिक गुरु स्वामी विवेकानंद को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके विचारों को प्रासंगिक बताया।कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, समस्त देशवासियों को राष्ट्रीय युवा दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। आज भारत के महान चिंतक और दार्शनिक स्वामी विवेकानंद जी की जयंती है। वे भारतीय जीवन–मूल्यों के प्रतीक हैं और हमारे युवाओं के लिए प्रेरणा का अमूल्य स्रोत हैं। स्वामी जी के विचारों और आदर्शों को श्रद्धांजलि स्वरूप, राजीव गांधी ने इस दिन को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में घोषित किया था।खड़गे ने कहा कि अमरीका के शिकागो की धर्म संसद में वर्ष 1893 में दिए गए उनके ऐतिहासिक भाषण के कुछ अंश, जो आज भी बेहद प्रासंगिक हैं, श्सांप्रदायिकताएं, कट्टरताएं और इसके भयानक वंशज हठधमिर्ता लंबे समय से पृथ्वी को अपने शिकंजों में जकड़े हुए हैं। इन्होंने पृथ्वी को हिंसा से भर दिया है। कितनी बार ही यह धरती खून से लाल हुई है। कितनी ही सभ्यताओं का विनाश हुआ है और न जाने कितने देश नष्ट हुए हैं। अगर ये भयानक राक्षस नहीं होते तो आज मानव समाज कहीं ज्यादा उन्नत होता, लेकिन अब उनका समय पूरा हो चुका है। मुझे पूरी उम्मीद है कि आज इस सम्मेलन का शंखनाद सभी हठधर्मिताओं, हर तरह के क्लेश, चाहे वे तलवार से हों या कलम से, और सभी मनुष्यों के बीच की दुर्भावनाओं का विनाश करेगा।खड़गे ने आगे लिखा, ष्स्वामी विवेकानंद ने मानवता को आत्मिक विकास व समानता जैसे महत्वपूर्ण पाठ सिखाए और भारत को विश्व में अलग पहचान दिलाई। कोटि कोटि नमन।ष कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने स्वामी विवेकानंद को याद करते हुए एक्स पोस्ट में लिखा, ष्महान संन्यासी स्वामी विवेकानंद जी की जयंती पर उन्हें सादर नमन। स्वामी विवेकानंद जी ने अपने विचारों से भारत की संस्कृति को विश्व पटल पर पहुंचाया। उनके आदर्श हर भारतवासी को सदैव प्रेरित करते रहेंगे।



## यूपी-बिहार वाले हिंदी न थोपें, वरना पड़ेगी लात' चुनावी सभा के दौरान राज ठाकरे ने दिया विवादित बयान

(एजेंसी) मुंबई। बीएमसी चुनाव की वोटिंग के लिए 3 दिन बाकी हैं और राज ठाकरे ने अपने चिर–परिचित हिंदी और हिंदी भाषी उत्तर भारतीयों को लात मारने वाला भाषण दे ही दिया। शिवसेना (यूबीटी) के नेता उद्धव ठाकरे के साथ संयुक्त रैली में महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (एमएनएस) के प्रमुख राज ठाकरे ने यूपी–बिहार के लोगों पर हिंदी थोपने का आरोप लगाते हुए चेतावनी दी। राज ठाकरे ने कहा कि यूपी और बिहार के लोगों को समझना चाहिए कि हिंदी आपकी भाषा नहीं है। मुझे भाषा से कोई नफरत नहीं है। लेकिन अगर इसे थोपने की कोशिश करेंगे, तो मैं आपको लात मारूंगा। उनके इस बयान पर भीड़ ने जोरदार तालियां बजाई।15 जनवरी को बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) चुनावों से राज ठाकरे और उद्धव ठाकरे ने मराठी अस्मिता का दांव चलते हुए हिंदी विरोध की राजनीति को हवा दे दी है। दोनों नेताओं ने भाजपा पर मुंबई में हिंदी के एजेंडे को आगे बढ़ाने का आरोप लगाया। राज ठाकरे ने बीएमसी चुनाव को मराठी अस्मिता से जोड़ दिया।हिंदी भाषियों पर हमला करते हुए मनसे प्रमुख ने कहा कि वे हर तरफ से महाराष्ट्र आ रहे हैं और आपका हिस्सा छीन रहे हैं। अगर जमीन और भाषा चली गई, तो आप खत्म हो जाएंगे। उन्होंने मराठी लोगों से एकजुट होने का आह्वान किया। राज ठाकरे ने कहा कि बीएमी चुनाव मराठियों के लिए आखिरी चुनाव है। अगर आज यह मौका गंवा दिया, तो आप खत्म हो जाएंगे। मराठी और महाराष्ट्र के लिए एकजुट हों।राज ठाकरे ने त्रिभाषा फॉर्मूला और कक्षा 1 से 5 तक हिंदी को अनिवार्य बनाने के प्रस्ताव को एक बड़ी साजिश का हिस्सा बताया। उन्होंने कहा कि वह किसी भी भाषा के खिलाफ कोई गुस्सा नहीं है, बल्कि उसके थोपने के खिलाफ है। दोनों चचेरे भाइयों ने भाजपा पर मुंबई को लूटने और शहर को गुजरात के आर्थिक दायरे में लाने की कोशिश करने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि अगर बीएमसी हमारे साथ है, तो वे जमीन अदाणी को नहीं बेच सकते।रैली में उद्धव ठाकरे ने कहा कि उन्होंने मराठी मानूस, हिंदुओं और महाराष्ट्र के लिए अपने मतभेदों को एक तरफ रख दिया है। उन्होंन भाजपा पर नकली हिंदुत्व और हर चुनाव से पहले विभाजनकारी राजनीति खेलने का आरोप लगाया। उन्होंने तमिलनाडु भाजपा नेता के. अन्नामलाई की कमेंट को लेकर बीजेपी को आड़े हाथ लिया। अन्नामलाई ने कहा था कि बॉम्बे महाराष्ट्र का शहर नहीं है। यह एक अंतरराष्ट्रीय शहर है। उद्धव ठाकरे ने कहा कि इस टिप्पणी ने भाजपा के असली इरादों को उजागर कर दिया है और सवाल किया कि क्या पार्टी मुंबई का नाम बदलकर बॉम्बे करना चाहती है। उन्होंने देवेंद्र फडणवीस की सरकार पर भ्रष्टाचार का भी आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया कि पिछली शिवसेना– भाजपा सरकार के दौरान बीएमसी में 3 लाख करोड़ रुपये के अनियमितताएं हुईं।




## अगले साल भारत आ सकते हैं डोनाल्ड ट्रंप, यूएस दूत ने बताई अंदर की बात

(एजेंसी) नयी दिल्ली। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप एक बार फिर भारत दौरे पर आ सकते हैं। भारत में अमेरिका के नए राजदूत सर्जियो गोर ने सोमवार को नयी दिल्ली में अपना कार्यभार संभालते हुए इस बात के संकेत दिए। उन्होंने न केवल ट्रंप और पीएम मोदी की श्सच्ची दोस्तीश का जिक्र किया, बल्कि वाइट हाउस के अंदर की कुछ दिलचस्प बातें भी शेयर कीं। सर्जियो गोर ने अपने पहले संबोधन में कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप अक्सर अपनी पिछली भारत यात्रा को याद करते हैं और अगले एक–दो सालों में दोबारा भारत आने की योजना बना रहे हैं। उन्होंने कहा– राष्ट्रपति ट्रंप को यहां की अपनी पिछली यात्रा याद है। मैं पिछले हफ्ते राष्ट्रपति के साथ था और जब हमने नए साल के ठीक बाद डिनर किया, तो उन्होंने यहां आने के अपने शानदार अनुभव और भारत के महान प्रधानमंत्री, प्रधानमंत्री मोदी के साथ अपनी गहरी दोस्ती के बारे में बताया। मुझे यह भी उम्मीद है कि राष्ट्रपति जल्द ही हमसे मिलने आएंगे, उम्मीद है अगले एक–दो साल में भारत आएंगे।राजदूत गोर ने दोनों देशों के बीच चल रहे व्यापार और टैरिफ विवादों पर भी खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि मैं राष्ट्रपति ट्रंप के साथ पूरी दुनिया घूमा हूं और मैं यह दावे के साथ कह सकता हूं कि प्रधानमंत्री मोदी के साथ उनकी दोस्ती श्असलीश है। सच्चे दोस्तों में असहमति हो सकती है, लेकिन वे अंत में अपने मतभेद सुलझा ही लेते हैं। यह बयान ऐसे समय में आया है जब भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते और टैरिफ को लेकर थोड़ी खींचतान चल रही है। गोर ने भरोसा दिलाया कि दोनों देश इन मुद्दों को सुलझाने के लिए सक्रिय रूप से बातचीत कर रहे हैं।राजदूत ने ट्रंप और मोदी के रिश्तों की गहराई बताने के लिए एक दिलचस्प किस्सा शेयर किया। उन्होंने बताया– राष्ट्रपति ट्रंप की आदत है कि वे रात के 2 बजे फोन करते हैं। और नयी दिल्ली के टाइम डिफरेंस को देखते हुए, यह आदत भारत के साथ रिश्तों में काफी फिट बैठती है।अपने संबोधन में सर्जियो गोर ने एक बड़ी घोषणा भी की। उन्होंने कहा कि अमेरिका भारत को पैक्स सिलिका एलायंस में शामिल होने के लिए आमंत्रित करेगा। यह अमेरिका के नेतृत्व वाला एक रणनीतिक समूह है, जिसमें जापान, दक्षिण कोरिया, इजरायल और ताइवान जैसे देश शामिल हैं। इसका उद्देश्य सेमीकंडक्टर सप्लाई चेन को सुरक्षित करना और एआई (।प्) तकनीक में सहयोग बढ़ाना है। सर्जियो गोर, जो ट्रंप के बेहद करीबी माने जाते हैं, उन्होंने साफ किया कि उनका लक्ष्य भारत–अमेरिका संबंधों को एक नए स्तर पर ले जाना है। उन्होंने कहा भारत से ज्यादा जरूरी कोई साझीदार नहीं है।आने वाले महीनों और सालों में, मेरा लक्ष्य एक बेहद महत्वाकांक्षी एजेंडे को आगे बढ़ाना होगा। गौरतलब है कि सर्जियो गोर ने ऐसे समय में कार्यभार संभाला है जब अमेरिका में रूस प्रतिबंध अधिनियम जैसे कानूनों पर चर्चा हो रही है, जिसका असर भारत जैसे देशों पर भी पड़ सकता है। हालांकि, गोर के बयानों से साफ है कि ट्रंप प्रशासन भारत के साथ रणनीतिक साझेदारी को प्राथमिकता सूची में सबसे ऊपर रख रहा है।



## सहकारी क्षेत्र न केवल आर्थिक वृद्धि में बल्कि लोकतांत्रिक सशक्तिकरण में भी सहायक : भूपेंद्र यादव

(एजेंसी) नयी दिल्ली केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने सोमवार को कहा कि देश का सहकारी क्षेत्र न केवल आर्थिक वृद्धि में बल्कि लोकतांत्रिक सशक्तिकरण में भी सहायक है। वित्तीय साक्षरता एवं डेटा–आधारित प्रशासन के महत्व पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि सहकारी क्षेत्र भारत को एक विकसित देश बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री यादव ने सहकारी संगठनों के ऑडिट में तेजी लाने और उनके आंतरिक नियंत्रणों को मजबूत करने की आवश्यकता पर भी बल दिया। उन्होंने कहा कि सहकारी क्षेत्र आर्थिक वृद्धि और लोकतांत्रिक सशक्तिकरण में योगदान देता है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सरकार ने सहकारी क्षेत्र का लोकतंत्रीकरण किया है जिससे जमीनी स्तर पर लाभ मिल रहा है। कॉरपोरेट क्षेत्र के विपरीत यह क्षेत्र ग्रामीण क्षेत्रों में विकास और रोजगार के अवसर सुनिश्चित करता है। यादव ने बताया कि सहकारी क्षेत्र में लगभग 32 करोड़ लोग कार्यरत हैं और 85 लाख से अधिक सहकारी संगठन हैं। मंत्री ने राष्ट्रीय राजधानी में इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) द्वारा 'चार्टर्ड अकाउंटेंट्स की बढ़ती भूमिका के साथ भारत के आर्थिक भविष्य का बदलावश विषय पर आयोजित सहकारी चिंतन शिविर में यह बयान दिया। इस मौके पर सहकारिता राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि मंत्रालय ने पिछले चार वर्ष में उत्कृष्ट कार्य किया है। उन्होंने कहा कि सहकारी क्षेत्र में जल्द ही 'भारत टैक्सी शुरू की जाएगी जिससे चालकों को अधिक लाभ होगा और इस पहल के लिए करीब 1.2 लाख चालकों ने पहले ही पंजीकरण करा लिया है। पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश प्रभु ने कहा कि अगले 10 से 15 वर्ष में सहकारी क्षेत्र, देश की आर्थिक वृद्धि का मुख्य चालक होगा। इस अवसर पर आईसीएआई के अध्यक्ष चरणजोत सिंह नंदा ने कहा कि 'चार्टर्ड अकाउंटेंट (सनदी लेखाकार) देश की प्रगति के लिए काम करने वाले वित्तीय सिपाही हैं। संस्थान में सहकारी समितियों के लिए एक अलग समिति है और उन्हें सर्वोत्तम कार्यप्रणालियों को अपनाने में मदद करने के प्रयास किए जा रहे हैं।



# सम्पादकीय

## "सुशासन बाबू" का नया सुशासन मॉडल

नीतीश कुमार 14 जनवरी के बाद एक बार फिर से प्रदेश भर की यात्रा पर निकल रहे हैं। मै नफीस जाफरी आपको यह बता दूं कि यह उनकी 16वीं यात्रा होगी। एक समय पर ऐसी ही यात्राओं ने नीतीश कुमार को बड़ा राजनीतिक लाभ पहुंचाया था।


नफीस जाफरी

बात अगर इस बार के विधानसभा चुनाव की करें तो नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल यू ने शानदार प्रदर्शन किया है। और अब नीतीश कुमार एक बार फिर से यात्रा पर निकल रहे हैं। खास बात ये हैं कि उन्हें सत्ता भी राज्य भर की यात्रा के बाद ही मिली है। 2005 में वे न्याय यात्रा पर निकले थे, इसके बाद चुनाव में एनडीए को पूर्ण बहुमत मिला। बिहार में 2005 की फरवरी में विधानसभा चुनाव हुए। तब जदयू को 55, भाजपा को 37 सीटें मिली। राजद को 75, कांग्रेस को 10 सीटें मिली। किसी भी गठबंधन को बहुमत नहीं मिला। लंबी जद्दोजहद के बाद मई में बिहार में राष्ट्रपति शासन लागू कर दिया गया। एनडीए इसके खिलाफ था। नीतीश कुमार ने इस फैसले को जनादेश की हत्या बताया। उन्होंने जुलाई में न्याय यात्रा निकालने का फैसला किया। वे पूरे प्रदेश में गए। इसका परिणाम नवंबर में हुए चुनाव में दिखा। नवंबर में जदयू 88 सीटों के साथ सबसे बड़ी पार्टी बनी,भाजपा को 55 सीटें मिली और प्रदेश में एनडीए ने पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाई।नीतीश कुमार ने पहली बार बतौर मुख्यमंत्री 5 साल का कार्यकाल पूरा किया। बहरहाल अब बात सुशासन बाबू के नाम से मशहूर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नए सुशासन मॉडल की तो मालूम हो कि बिहार की राजनीति और प्रशासन में सुशासन लंबे समय से एक प्रमुख शब्द रहा है। अब इसी सुशासन को ज़मीनी स्तर पर और मज़बूत करने के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एक नई पहल शुरू की है। इस नए मॉडल के तहत मुख्यमंत्री अब हर सोमवार और शुक्रवार को आम लोगों की समस्याओं को सीधे सुनेंगे और समाधान की दिशा में तत्काल कार्रवाई करेंगे। सरकार का दावा है कि इससे न केवल शिकायतों का निपटारा तेज़ होगा, बल्कि प्रशासनिक जवाबदेही भी बढ़ेगी। अब तक आमतौर पर जनता की शिकायतें ज़िलों, प्रमंडलों और विभागों के ज़रिये ऊपर तक पहुंचती थीं। इस प्रक्रिया में कई बार देरी होती थी और शिकायतकर्ता को महीनों तक इंतज़ार करना पड़ता था। नए मॉडल में मुख्यमंत्री खुद मामलों की समीक्षा करेंगे। इससे यह संदेश जाएगा कि सरकार जनता की आवाज़ को गंभीरता से सुन रही है और फ़ाइलों में उलझाने के बजाय सीधा समाधान देना चाहती है। सरकारी सूत्रों के अनुसार, सोमवार और शुक्रवार को मुख्यमंत्री सचिवालय में प्राप्त शिकायतों, जनसुनवाई के मामलों और ज़िलों से आई रिपोर्टों की समीक्षा करेंगे। जिन मामलों में निचले स्तर पर लापरवाही पाई जाएगी, वहां संबंधित अधिकारियों को तत्काल निर्देश दिए जाएंगे। गंभीर मामलों में मुख्यमंत्री स्वयं हस्तक्षेप कर समाधान की समय–सीमा तय करेंगे। इस प्रक्रिया में तकनीक की भी मदद ली जा रही है। ऑनलाइन शिकायत पोर्टल, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग और ज़िला प्रशासन से सीधे संवाद के ज़रिये समस्याओं को समझा जाएगा। इस पहल का सबसे बड़ा असर प्रशासनिक अमले पर पड़ने की उम्मीद है। अब अधिकारियों को यह पता होगा कि उनकी कार्यप्रणाली पर सीधे मुख्यमंत्री की नज़र है। इससे फाइलों को लंबित रखने की प्रवृत्ति पर रोक लगेगी। सरकार मानती है कि जब शीर्ष स्तर से नियमित निगरानी होगी, तो नीचे तक काम करने का दबाव बनेगा और जवाबदेही तय होगी। यह पहल केवल प्रशासनिक सुधार तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका एक राजनीतिक संदेश भी है। विपक्ष लंबे समय से सरकार पर यह आरोप लगाता रहा है कि ज़मीनी स्तर पर शिकायतों का समाधान नहीं हो रहा। ऐसे में मुख्यमंत्री का खुद सामने आकर समाधान करना यह दिखाता है कि सरकार जनता से कट नहीं रही है। आने वाले समय में इसका असर राजनीतिक माहौल पर भी पड़ सकता है। यह पहली बार नहीं है जब नीतीश कुमार ने जनता से सीधे जुड़ने का प्रयास किया हो। इससे पहले भी "जनता दरबार" और समीक्षा बैठकों के ज़रिये उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। लेकिन अब सप्ताह में दो दिन तय कर देना इस पहल को संस्थागत रूप देता है। इससे यह केवल एक अभियान नहीं, बल्कि नियमित व्यवस्था बन जाएगी। इस मॉडल का सबसे बड़ा लाभ आम लोगों को मिलने की उम्मीद है। गांवों, कस्बों और शहरों से आने वाली शिकायतें चाहे वह सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा या स्वास्थ्य से जुड़ी हों अब सीधे मुख्यमंत्री तक पहुंचेंगी। इससे लोगों का भरोसा बढ़ेगा कि उनकी बात सुनी जा रही है और समाधान की संभावना भी मजबूत होगी। हालांकि, इस मॉडल के सामने चुनौतियां भी हैं। मुख्यमंत्री के सामने आने वाली शिकायतों की संख्या बहुत अधिक हो सकती है। ऐसे में हर मामले पर त्वरित और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करना आसान नहीं होगा। इसके लिए एक मजबूत फॉलो–अप सिस्टम की ज़रूरत होगी, ताकि निर्देशों का पालन हो और समाधान केवल कागज़ों तक सीमित न रहे। कुल मिलाकर, हर सोमवार और शुक्रवार को सीधा समाधान करने की पहल बिहार में सुशासन को नई दिशा देने की कोशिश है। अगर यह मॉडल सही तरीके से लागू होता है और ज़मीनी स्तर पर असर दिखाता है, तो यह अन्य राज्यों के लिए भी एक उदाहरण बन सकता है। अब देखने वाली बात यह होगी कि यह पहल सिर्फ घोषणा बनकर रह जाती है या सचमुच जनता के जीवन में बदलाव लाती है।

## जाति प्रमाण-पत्र में अवैध वसूली का आरोप, डीएम से शिकायत

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। मिहींपुरवा तहसील क्षेत्र के ग्राम चौधरी गांव निवासी अधिवक्ता अफतार अहमद ने हल्का लेखपाल उपकार कुमार मिश्र पर जाति प्रमाण–पत्र जारी करने के नाम पर अवैध रूप से 500–500 रुपये मांगने का आरोप लगाया है। इस संबंध में उन्होंने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र सौंपकर जांच व कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित शिकायतकर्ता के अनुसार सभी आवश्यक अभिलेख संलग्न होने के बावजूद रिपोर्ट के नाम पर धन की मांग की गई और राशि न देने पर आवेदन निरस्त कर दिए गए। उन्होंने मांग की है कि यदि कोई वैध शुल्क है तो उसकी रसीद दी जाए तथा दोषी पाए जाने पर संबंधित कर्मचारी के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाए।

# ड्राट मतदाता सूची जारी, भाजपा का क्यों बढ़ा टेंशन?


गुलफिशा खान

उत्तर प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण अभियान में ड्राट मतदाता सूची जारी हो चुका है और राज्य भर में 2.89 करोड़ नाम मतदाता सूची से काट दिए गए हैं। इसके बाद राजनीतिक दलों में हड़कंप मच गया है। सत्तारूढ़ भाजपा में पहले से ही एसआईआर को लेकर आशंकाएं व्यक्त की जा रही थीं और अब ड्राट मतदाता सूची आने के बाद प्रदेश इकाई हरकत में आ गई है। सूत्रों के मुताबिक पार्टी नेतृत्व ने पूरे मामले को बहुत गंभीरता से लिया है। नेतृत्व का मानना है कि करोड़ों वोट कटना बहुत बड़ा आंकड़ा है, इसे हल्के में नहीं लिया जा सकता। सूत्रों के अनुसार बैठक में कहा गया कि नए कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी देकर अब अगले एक महीने युद्धस्तर पर काम करना होगा। गौरतलब है कि विगत मंगलवार को चुनाव आयोग की ओर से ड्राट वोटर लिस्ट आने के बाद से हड़कंप मचा हुआ है। यूपी में 2.89 करोड़ नाम काट दिए गए जो देश के बारह राज्यों में सर्वाधिक है। दूसरे चरण के तहत इन बारह राज्यों में एसआईआर हो रहा है। सूत्रों के अनुसार ड्राट वोटर लिस्ट आने के बाद यूपी भाजपा संगठन में वर्चुअल मीटिंग हुई। इसमें सीएम योगी आदित्यनाथ और प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी तथा संगठन महासचिव धर्मपाल मौजूद थे। बैठक में सभी मंत्री, सांसद, विधायक, एमएलसी, प्रदेश पदाधिकारी और जिला अध्यक्ष शामिल रहे। इस बैठक में बड़ी संख्या में नाम कटने पर चिंता व्यक्त की गई। उत्तर प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण अभियान एसआईआर में शहरी क्षेत्रों बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम कटने के बाद भाजपा ऐक्शन मोड में आ गई है। सूत्रों



के अनुसार पार्टी आलाकमान ने ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष और यूपी से राज्य सभा सांसद के लक्ष्मण को तैनात कर दिया है। साथ ही, हर दिन बूथ वार रिपोर्ट केंद्रीय मुख्यालय को भेजने को कहा गया है, जिसमें यह बताना होगा कि नए मतदाताओं को जोड़ने के लिए फॉर्म 6 भरवाने के अभियान में क्या प्रगति हुई है। बैठक में कहा गया कि सबसे अधिक वोट लखनऊ में लगभग 30 प्रतिशत कटे हैं। गाज़ियाबाद में 28 प्रतिशत वोट काट दिए गए। इसी तरह बलरामपुर, कानपुर, प्रयागराज, मेरठ, गौतम बुद्ध नगर, हापुड़, सहारनपुर, आगरा जैसे सभी बड़े शहरों में बड़ी संख्या में वोट कटे हैं। भाजपा का आकलन है कि मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में भी भाजपा समर्थक वोटरों के नाम कट गए हैं। कई ऐसी विधानसभाएँ हैं जो भाजपा ने पिछले चुनाव 5,000 से 20,000 वोटों से जीती लेकिन वहां लगभग 1 लाख वोट कट गए। ऐसे में पार्टी के विधायकों को युद्ध स्तर पर काम करने को कहा गया है. उनसे कहा गया है कि उन्हें ऐसे कार्य करना चाहिए जैसे वे स्वयं अपना चुनाव लड़ रहे हों, क्योंकि यही वोट भविष्य में उनके काम आएंगे। यह कहा गया कि वर्तमान में पदाधिकारियों को विधानसभा, मंडल और वार्ड स्तर तक फॉर्म–6 पहुँचाने होंगे। सभी जिला अध्यक्षों, एमएलसी, विधायक, सांसद एवं मंत्री आदि सभी को इस काम में लगने को कहा गया है। ये भी कहा गया है कि जहाँ–जहाँ भाजपा के सांसद या विधायक नहीं हैं, वहां एमएलसी एवं राज्यसभा सांसदों की ड्यूटी लगाई जाए। पार्टी की ओर से कहा गया है कि जमकर मेहनत करनी होगी ताकि पार्टी को नुक़सान न हो। साथ ही यह निर्देश भी दिया गया कि अब से प्रतिदिन बूथ स्तर तक की रिपोर्ट शाम को केंद्रीय कार्यालय भेजनी होगी। विशेष रूप से शहरों के वोटों पर अधिक ध्यान देने को कहा गया है। यह बोला गया है कि सभी पार्टी नेताओं को इसके अलावा कोई अन्य कार्य नहीं करना है।पार्टी ने सभी जिलों के जिला अध्यक्षों को निर्देश दिया है कि वे जिले में 10 लोगों की टीम बनाएं और प्रतिदिन शाम को प्रदेश कार्यालय को रिपोर्ट भेजें। 17 जनवरी को इस अभियान की समीक्षा होगी। इसमें मुख्यमंत्री और वरिष्ठ नेता मौजूद रहेंगे। सभी पदाधिकारियों को बूथ पर उपस्थित रहने को कहा गया है।

# ईरान में बढ़ता संकट भारत के लिए चिंता का विषय


फरीद वारसी

ईरान में जनता ने विद्रोह कर दिया है। वो तानाशाही मुर्दाबाद के नारे लगा रही है। जवाब में इस्लामी सरकार ने भी अपनी फौज भेज दी है। ईरान की राजधानी तेहरान समेत कई बड़े शहरों में सरकार के खिलाफ जबरदस्त विरोध प्रदर्शन देखने को मिले हैं। सोशल मीडिया पर आए वीडियो बताते हैं कि हजारों–लाखों लोग सड़कों पर उतर आए हैं। इसे 2022 और 2009 के बाद ईरान में धार्मिक सत्ता (क्लेरिकल एस्टैब्लिशमेंट) के खिलाफ सबसे बड़ा शक्ति–प्रदर्शन माना जा रहा है। बीते गुरुवार शाम राजधानी तेहरान और देश के दूसरे सबसे बड़े शहर मशहद में हुए ये प्रदर्शन ज्यादातर शांतिपूर्ण रहे. शुरुआती घंटों में सुरक्षा बलों ने इन्हें तितर–बितर नहीं किया लेकिन कुछ ही देर बाद पूरे देश में इंटरनेट बंद कर दिया गया। वीडियो में प्रदर्शनकारी ईरान के सर्वोच्च धार्मिक नेता आयतुल्लाह अली खामेनेई को हटाने और निर्वासित पूर्व शासक के बेटे रेजा पहलवी की वापसी की मांग करते सुने जा सकते हैं। इस दौरान 'तानाशाह मुर्दाबाद', 'यह आखिरी जंग है, पहलवी लौटेंगे, 'डरो मत, हम सब साथ हैं जैसे नारे लगाए गए और कई जगहों पर लोग लाईओवर पर चढ़कर सीसीटीवी कैमरे हटाते हुए भी देखे गए। मानवाधिकार संगठनों के मुताबिक यह लगातार 12वां दिन है जब ईरान अशांति की चपेट में है। इस विरोध प्रदर्शन की वजह है– ईरानी मुद्रा रियाल में रिकॉर्ड गिरावट, आसमान छूती महंगाई और बेरोजगारी, जरूरी चीजों आम आदमी की पहुंच से बाहर होना, खाने पीने के सामान और दवाइयों की कीमतें कई गुना महंगा होना। लोगों की शिकायत है कि सरकार प्रतिबंधों का बहाना बनाकर जवाबदेही से बच रही है। इस जबरदस्त आर्थिक बदहाली के बीच ईरान के 21 प्रांतों के 100 से ज्यादा शहरों और कस्बों में सड़कों पर लोग जनसैलाब बन कर उतर आए हैं। अमेरिका स्थित ह्यूमन राइट्स एक्टिविस्ट न्यूज एजेंसी का दावा है कि इस प्रदर्शन के 12वें दिन तक 42 लोगों की मौत हो चुकी है। इनमें पांच नाबालिग और 8 सुरक्षाकर्मी शामिल हैं। इस दौरान 2270 से अधिक लोगों को गिरतार भी किया गया है। नॉर्वे स्थित ईरान ह्यूमन राइट्स के मुताबिक मृतकों की संख्या 45 तक पहुंच गई है, जिनमें 8 नाबालिग शामिल हैं। वहीं बीबीसी फारसी के मुताबिक 22 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। पश्चिमी शहर देजफुल से आए वीडियो में सुरक्षाबलों पर भीड़ पर गोली चलाने के आरोप भी लगे हैं। ईरान के कुर्द बहुल इलाकों–इलाम, केरमानशाह और लोरेस्तान में इस हड़ताल का व्यापक असर देखने को मिला है। कुर्द मानवाधिकार संगठन हेंगा के मुताबिक इन इलाकों में 17 प्रदर्शनकारी मारे गए, इनमें अधिकांश लोग कुर्द और लोर समुदाय से हैं। अमेरिका में रह रहे रेजा पहलवी ने सोशल मीडिया पर कहा, आज रात लाखों ईरानियों ने अपनी आजादी की मांग की। मेरे बहादुर हमवतन सड़कों पर हैं।" उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को भी धन्यवाद दिया और यूरोपीय नेताओं से ईरानी सरकार पर दबाव बनाने की अपील की। उधर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने साफ चेतावनी दी, "अगर ईरानी सरकार प्रदर्शनकारियों को मारती है, तो हम बहुत सख्त कार्रवाई करेंगे।" ईरानी सरकारी मीडिया ने प्रदर्शनों के पैमाने को कम करके दिखाने की कोशिश की लेकिन सोशल मीडिया पर आए फुटेज ने उनकी इरादे नाकाम कर दिए। सरकारी मीडिया ने कई खाली सड़कों के वीडियो डालकर दावा किया कि कहीं कोई प्रदर्शन हुआ ही नहीं। वहीं इंटरनेट निगरानी संस्था नेटब्लॉक्स के मुताबिक ईरान देशव्यापी इंटरनेट ब्लैकआउट की चपेट में है, जिसका मकसद लोगों की आवाज को दबाया जाना है। ईरान के पास तेल और प्रा.तिक गैस का बहुत बड़ा भंडार है। पर अमेरिकी प्रतिबंधों ने उसके अर्थव्यवस्था की कमर तोड़ दी है। ईरान के पास दुनिया का चौथा सबसे बड़ा तेल भंडार है, पर ईरान के परमाणु कार्यक्रम, मिसाइल परीक्षण और पश्चिम एशिया में उसके बढ़ते प्रभाव को रोकने के लिए अमेरिका ने बैंकिंग, तेल और व्यापार पर सख्त पाबंदियां लगाई हैं। इसकी वजह से वो खुले बाजार में तेल नहीं बेच पा रहा है। इससे सरकार की आमदनी घटी और विकास परियोजनाएं ठप हो गई हैं। बैंकिंग प्रतिबंधों से ईरान अंतरराष्ट्रीय भुगतान प्रणाली से लगभग कट गया। नतीजा यह हुआ कि आयात–निर्यात महंगा हो गया, दवाइयां और जरूरी सामान की कीमतें बेतहासा बढ़ गई हैं। विदेशी निवेश रुकने से रोजगार घटा, रियाल की कीमत गिरी और महंगाई 40 प्रतिशत से ऊपर चली गई। यही आर्थिक दबाव आज सड़कों पर गुस्से और विरोध की सबसे बड़ी वजह बन गया है। यह आंदोलन 2022 में महसा अमीनी की मौत के बाद हुए प्रदर्शनों के बाद सबसे बड़ा माना जा रहा है। सितंबर 2022 में धार्मिक मामलों की पुलिस ने ईरानी महिला महसा अमीनी को गिरतार किया था। उन पर सिर को ढंकने के एक सख्त नियम का पालन नहीं करने का आरोप था। उसके बाद महसा अमीनी को पुलिस वैन में बुरी तरह पीटने का आरोप लगा जिसके बाद वो कोमा में चली गईं और उनकी मौत हो गई। हालांकि पुलिस का कहना था कि उनकी मौत गिरतार किए जाने के बाद हार्टि फेलियर से हुई थी। अमीनी के अंतिम संस्कार के समय कथित तौर पर कुछ



महिलाओं ने विरोध में अपने हिजाब उतार दिए जबकि ईरान में हिजाब पहनना अनिवार्य है। उनकी मौत के विरोध में पूरे ईरान में तब हिजाब विरोधी प्रदर्शन हुए थे जिसमें 550 से अधिक लोगों की मौत हुई थी, 20 हजार से अधिक गिरतारी भी हुई थी। एक साल बाद ही ईरान ने उन प्रदर्शन में शामिल तीन लोगों को फांसी पर लटका दिया था। साल 2009 में भी ईरान में एक बड़ा जनसैलाब सड़कों पर उतरा था। तब 1953 में छात्रों की मौत की वर्षगांठ के लिए कुछ समारोह आयोजित किए जाने थे। ईरान में 1953 में अमरीका के विरोध में एक छात्र प्रदर्शन हुआ था। उस विरोध प्रदर्शन के दौरान कई छात्रों की मौत हुई थी। उसकी याद में वहां एक वार्षिक छात्र दिवस मनाया जाता है। जून 2009 में राष्ट्रपति पद के लिए हुए चुनाव के बाद ईरान में विपक्षी कार्यकर्ताओं ने ये प्रदर्शन शुरू किए थे। तब भी 'तानाशाही मुर्दाबाद और डरो नहीं हम सब साथ हैं के नारे लगे थे। विपक्षी दलों ने आरोप लगाया कि मतदान में धांधली की गई है और उस दौरान व्यापक विरोध प्रदर्शन हुए थे। तब कई लोग मारे गए थे। विपक्षी नेता आयतुल्लाह हुसैन अली मुंतजेरी राष्ट्रपति चुनाव में महमूद अहमदीनेजाद की जीत को धांधली बताया था और चेतावनी दी थी कि ईरान धीरे–धीरे तानशाही बनने की दिशा में जा रहा है। फिर उसी साल दिसंबर के महीने में मुंतजेरी की मौत हो गई तो वहां काफी तनाव बढ़ गया. हजारों की तादाद में लोग मुंतजेरी को अलविदा करने पहुंचे. ईरान की सरकार ने स्थानीय और अंतरराष्ट्रीय मीडिया को इस अंतिम संस्कार की रिपोर्टिंग करने से रोक दिया था। कई जगहों पर शोक सभाएं आयोजित की गई थीं। जिसे रोके जाने की बात भी सामने आई थी। उसी दौरान पुलिस फायरिंग में कुछ लोगों की मौत हुई थी। हालांकि मुंतजेरी के बेटे ने उनकी मौत की वजह प्रा.तिक कारणों को बताया था। मुंतजेरी 87 वर्ष के थे। ईरान में बढ़ता संकट भारत के लिए सिर्फ एक विदेशी राजनीतिक घटना नहीं है, बल्कि इसके रणनीतिक, आर्थिक और कूटनीतिक मायने जुड़े हैं. तेल, ऊर्जा, पोर्ट कनेक्टिवी और मध्य पूर्व में संतुलन को देखते हुए यह भारत के लिए मायने रखता है। इसे इन पहलुओं में समझा जा सकता है। ऊर्जा सुरक्षा पर असरः ईरान भारत का पारंपरिक तेल आपूर्तिकर्ता रहा है। अमेरिकी प्रतिबंधों से पहले भारत अपनी जरूरत का बड़ा हिस्सा ईरान से लेता था, क्योंकि तेल सस्ता मिलता था और उसके भुगतान में लचीलापन था। भारत उसे रुपये में भी भुगतान करता था। अगर ईरान का संकट और गहराता है या पश्चिम एशिया में अस्थिरता बढ़ती है, तो इससे तेल कीमतें बढ़ेंगी यानी भारत का आयात बिल बढ़ेगा। निश्चित रूप से इससे देश में महंगाई पर सीधा असर पड़ेगा। ईरान संकट का असर पूरे पश्चिम एशिया पर पड़ता है। इसराइल के साथ उसके दशकों से चल रहे विवाद से यह क्षेत्र पहले ही तनावग्रस्त है। अमेरिकी प्रतिबंधों के बीच ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद करने की धमकी भी देता रहा है। यह वो रूट है जिससे होकर दुनिया के 20 फीसद कच्चे तेल का आवागमन होता है। अगर ईरान ने होर्मुज को बंद किया तो अंतरराष्ट्रीय व्यापार बाधित होगी और तेल की कीमते बेतहाशा बढ़ेंगी क्योंकि इससे लॉजिस्टिक का खर्च बढ़ जाएगा। होर्मुज से होकर भारत का 60 फीसद तेल गुजरता है लिहाजा इसका सीधा असर यहां के व्यापार पर पड़ेगा। साथ ही चीन और जापान जैसे देश भी इससे प्रभावित होंगे। ईरान का चाबहार बंदरगाह भारत के लिए बेहद अहम है। ईरान के दक्षिणी तट पर सिस्तान–बालूचिस्तान प्रांत में स्थित चाबहार बंदरगाह को भारत और ईरान ने मिलकर विकसित किया है। यही रास्ता भारत को अफगानिस्तान और मध्य एशिया से जोड़ता है। इस रास्ते से व्यापार करने पर भारत का लॉजिस्टिक्स खर्च कम होता है। पाकिस्तान को बायपास करने का यही विकल्प है। अगर ईरान में राजनीतिक अस्थिरता बढ़ती है या सत्ता परिवर्तन होता है, तो चाबहार प्रोजेक्ट की रतार धीमी पड़ सकती है। इससे भारत की कनेक्टिविटी रणनीति कमजोर हो सकती है। ईरान में हजारों की संख्या में भारतीय छात्र, बिजनेसमैन और प्रोफेशनल्स रहते हैं। यहां अस्थिरता बढ़ने पर उन्हें वहां से सुरक्षित निकालना भी कूटनीतिक संतुलन के लिए भारत की चुनौती बन जाएगा।

# कर्मकांड का वह दौर लौट आया

हरिशंकर व्यास

भारत दर्शन का मतलब भीड़ का दर्शन है। नए साल की शुरुआत देश भर के धार्मिक स्थलों, पर्यटन स्थलों, होटलों या रेस्तरां में भीड़ की खबरों से हुई है। पिछले एक हफ्ते से देश के अलग अलग धर्मस्थलों से लोगों के जुटने की जैसी खबरें आईं, उनसे इस बात की पुष्टि हुई कि भारत के लोगों को ज्यादा से ज्यादा धार्मिक बनाने का भारत सरकार और भाजपा का प्रोजेक्ट सफल हुआ है। एक समय शगर्व से कहो हम हिंदू हैंय के नारे लगते थे लेकिन तब लोग इस पहचान को लेकर इतने सीरियस नहीं थे। आज यह नारा नहीं लगता है लेकिन लोग अपनी हिंदू पहचान को लेकर सचमुच सीरियस हैं और इसके प्रदर्शन का कोई मौका नहीं छोड़ते हैं। इसी वजह से कर्मकांड का वह दौर लौट आया है, जिसे भारत पीछे छोड़ चुका था।

नए साल में और आने वाले कई सालों में इसी वजह से हर जगह भीड़ बढ़ेगी। मंदिरों में भीड़ बढ़ेगी, कथावाचकों के प्रवचनों में भीड़ बढ़ेगी तो ज्योतिष और कर्मकांड करने वालों की भीड़ भी बढ़ती जाएगी। नेताओं की सभाओं में भीड़ बढ़ेगी तो फिल्मी सितारों को देखने के लिए भी भीड़ उमड़ेगी। दुनिया भर के कलाकार भारत में शो करने या कन्सर्ट के लिए आ रहे हैं क्योंकि भारत के पास 140 करोड़ की भीड़ है। 2025 को विदाई देने के लिए जितने भी कार्यक्रम हुए सबमें भीड़ उमड़ी।

नए साल के मौके पर खबर है कि देश के सभी धार्मिक स्थलों पर लाखों लोगों की भीड़ जुटी। अयोध्या में साल के पहले दिन पांच लाख लोगों ने रामलला के दर्शन किए। पिछले एक हफ्ते में 20 लाख से ज्यादा लोगों ने अयोध्या में दर्शन किए। वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर में एक जनवरी, गुरुवार को शाम तक पांच लाख लोग दर्शन कर चुके थे और भीड़ देख कर मंदिर प्रशासन ने लोगों से पांच जनवरी तक वृंदावन नहीं आने की अपील की है। उधर उज्जैन के महाकाल मंदिर भी श्रद्धालुओं की भीड़ 31 दिसंबर की आधी रात से ही लाइन में खड़ी थी। वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड को श्रद्धालुओं का रजिस्ट्रेशन बंद करना पड़ा।

राजस्थान के सीकर में खाटू श्याम जी के दर्शन के लिए देश भर के लोग पहुंचे। करीब छह लाख लोग 15 से 17 किलोमीटर तक पैदल चले और दर्शन किया। इसी तरह चितौड़गढ़ में सावंलिया सेठ के दर्शन के लिए लाखों लोग जुटे। भीड़ देख कर मंदिर प्रशासन को भगवान के सोने और शृंगार के समय में कटौती करनी पड़ी और 15 घंटे में करीब पांच लाख लोगों ने दर्शन किए। चुरू के सालासर बालाजी के मंदिर में 31 दिसंबर को आधी रात के बाद दर्शन शुरू हो गए और एक जनवरी के डेढ़ लाख से ज्यादा लोगों ने दर्शन किए। गुजरात में सोमनाथ से लेकर द्वारका और बनासकांठा में अंबाजी मंदिर तक और उत्तर प्रदेश में काशी विश्वनाथ मंदिर से लेकर झारखंड के देवघर मंदिर तक भक्तों की कतार लगी रही। दिल्ली के कालकाजी और झंडेवालान मंदिर में भी भक्तों की भीड़ ने नए रिकॉर्ड बनाए।

# एसडीएम के द्वार पहुंचे बेघर पटरी दुकानदार

न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर। शहर की सड़कों को अतिक्रमण मुक्त बनाने के अभियान ने दशकों से अपनी दुकानें सजा रहे पटरी दुकानदारों के सामने आजीविका का बड़ा संकट खड़ा कर दिया है। सोमवार को लालबाग से आंख



अस्पताल रोड क्षेत्र से हटाए गए दर्जनों दुकानदारों का धैर्य जवाब दे गया, जिसके बाद एक प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम सदर से मिलकर अपनी व्यथा सुनाई और फिर से बसाने की मांग की। 50 साल का साथ, एक झटके में खत्म दुकानदारों का नेतृत्व कर रहे भगवती कुमार ने भावुक होते हुए बताया कि वे और उनके साथी पिछले लगभग 50 वर्षों से नाले के पीछे अपनी छोटी–छोटी दुकानें और ठेले लगाकर परिवार का पेट पाल रहे थे। उन्होंने कहा प्रशासनिक कार्रवाई ने हमसे हमारा रोजगार छीन लिया है। अब हमारे सामने बच्चों के भरण–पोषण की गंभीर चुनौती है। सांसद के बाद अब प्रशासन से गुहार अपनी रोजी–रोटी बचाने की जंग लड़ रहे इन दुकानदारों ने बताया कि वे सबसे पहले क्षेत्रीय सांसद राकेश राठौर से मिले थे। सोमवार को दुकानदारों ने एसडीएम सदर दामिनी एम. दास को प्रार्थना पत्र सौंपकर मानवीय आधार पर विचार करने का अनुरोध किया। प्रदर्शनकारी दुकानदारों ने प्रशासन के सामने सहयोग का हाथ बढ़ाते हुए कुछ प्रमुख बातें रखीं वे यातायात व्यवस्था में किसी भी प्रकार की बाधा उत्पन्न नहीं करेंगे। प्रशासन द्वारा तय किए गए सभी नियमों और सीमाओं का पालन करने को तैयार हैं। यदि पूर्ववत स्थान संभव न हो, तो उन्हें व्यवस्थित तरीके से किसी वैकल्पिक स्थान पर बसाया जाए। एसडीएम का आश्वासन मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए एसडीएम सदर दामिनी एम. दास ने दुकानदारों की समस्याओं को धैर्यपूर्वक सुना। उन्होंने आश्वासन दिया कि इस पूरे प्रकरण की जांच कराई जाएगी और नियमानुसार ऐसा समाधान निकालने का प्रयास किया जाएगा जिससे शहर की व्यवस्था भी बनी रहे और किसी की आजीविका पर भी संकट न आए। पटरी दुकानें ही हमारा एकमात्र सहारा हैं। अगर हमें काम नहीं करने दिया गया, तो हमारा पूरा परिवार सड़क पर आ जाएगा। हम बस सम्मान के साथ काम करने की इजाजत मांग रहे हैं।

# सरहद पर तैनात दो फौजियों के बंद घर को चोरों ने खंगाला

## – 15 लाख के जेवर और नकदी पार

न्यूज वाणी ब्यूरो

कमलापुर, सीतापुर। जिले में चोरों के हौसले इस कदर बुलंद हैं कि अब वे देश की रक्षा करने वाले जवानों के घरों को भी निशाना बनाने से नहीं चूक रहे हैं। थाना कमलापुर क्षेत्र के रमपुरवा मजरा कान्हमऊ



गांव में बीती रात अज्ञात चोरों ने भारतीय सेना में कार्यरत दो सगे भाइयों के बंद पड़े मकानों के ताले तोड़कर करीब 15 लाख रुपये के सोने–चांदी के जेवरात और 50 हजार की नकदी पर हाथ साफ कर दिया। इस बड़ी वारदात से इलाके में हड़कंप मच गया है। मिली जानकारी के अनुसार गांव निवासी धर्मेंद्र सिंह यादव और नरेंद्र कुमार दोनों सगे भाई हैं और भारतीय सेना में देश की सेवा कर रहे हैं। वर्तमान में दोनों की तैनाती उत्तर प्रदेश के बाहर है। हाल ही में पुत्र रत्न की प्राप्ति होने के कारण अपनी मां को साथ लेकर लखनऊ गए हुए थे। नरेंद्र कुमार वर्तमान में राजस्थान के बीकानेर में तैनात हैं। घर में किसी के न होने का फायदा उठाते हुए रविवार की रात चोरों ने मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर प्रवेश किया और अलमारी व संदूक खंगालकर कीमती सामान बटोर ले गए। चोरी हुए सामान की सूची (लगभग मूल्य 15 लाख) चोरों ने घर में रखे लगभग हर कीमती सामान पर हाथ साफ किया है। पीड़ितों द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार गायब सामान में शामिल है नकदीरू 50,000 नगद। सोने के आभूषणरू दो हार (42 ग्राम), दो जोड़ी झाला, दो जोड़ी झुमकी, मांग टीका, चौन और अंगूठी। 400 ग्राम चांदी की झुमकी, नथुनी, पायल, माला, बिछिया, पांच सिक्के, कमर पेटी और 400 ग्राम की जेवरी। साथ ही चांदी की थाली, कटोरी, चम्मच और गिलास। पुलिस की कार्रवाई और ग्रामीणों में दहशत सोमवार दोपहर जब पड़ोसियों ने घर का ताला टूटा देखा, तो उनके होश उड़ गए। तुरंत इसकी सूचना परिजनों और पुलिस को दी गई। सूचना पाकर लखनऊ कैंट में तैनात धर्मेंद्र सिंह यादव आनन–फानन में गांव पहुंचे और पुलिस को तहरीर दी। चोरी की सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है और जल्द ही चोरों को गिरतार कर घटना का अनावरण किया जाएगा। अतुल चौधरी, थाना प्रभारी, कमलापुर इस घटना के बाद से ग्रामीणों में सुरक्षा को लेकर भारी दहशत का माहौल है। लोगों का कहना है कि जब फौजियों के घर सुरक्षित नहीं हैं, तो आम जनता का क्या होगा।

# चोरी कर महिला मित्र को दिया सामान

न्यूज वाणी ब्यूरो

बिजनौर। आवास विकास कॉलोनी में किराए पर रहने वालीं प्रधान मजिस्ट्रेट स्वाति वर्मा के घर में 29 दिसंबर की रात चोरी हो गई थी। कुछ दिनों बाद स्वाति वर्मा घर लौटीं तो चोरी का पता लगा। इसके बाद शहर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई। सीसीटीवी जांच में सामने आया कि चोरी को कुटिया कॉलोनी में रहने वाले सोनू ने अंजाम दिया। आभूषण और कपड़े आदि उसने महिला मित्र को दे दिए थे। इसके बाद आरोपी ने एक बाइक चोरी कर ली। बाइक चोरी के मामले में आरोपी सोनू को नजीबाबाद पुलिस एक सप्ताह पहले जेल भेज चुकी है। आरोपी की महिला मित्र कांशीराम कॉलोनी की रहने वाली है, जिसे पुलिस ने हिरासत में ले रखा है। इसकी निशानदेही पर ही मोहल्ला खत्रियान में उसके भाई के घर भी दबिश देकर पुलिस ने कुछ आभूषण बरामद कर लिए हैं। सीओ सिटी संग्राम सिंह ने बताया कि मामले में जांच चल रही है।

# पीएम राजकीय इंटर कॉलेज में कैरियर गाइडेंस मेले का आयोजन

न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर। पीएम राजकीय इंटर कॉलेज में कैरियर गाइडेंस मेले का सफल आयोजन किया गया। इस मेले का उद्देश्य विद्यार्थियों को विभिन्न कैरियर विकल्पों की जानकारी देना तथा उनके उज्जवल भविष्य के लिए सही मार्गदर्शन प्रदान करना रहा। कार्यक्रम में शिक्षकों, विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं मीडिया से जुड़े व्यक्तियों सहित बड़ी संख्या में आगंतुक उपस्थित रहे। मेले में आए सभी आगंतुकों ने विद्यालय की विजीटर पंजिका में अपने विचार एवं सुझाव अंकित किए। आगंतुकों ने विद्यालय में स्थापित कैरियर हब कक्ष का अवलोकन किया तथा वहाँ उपलब्ध करियर संबंधी सामग्री की सराहना की। इस अवसर पर विद्यार्थियों से प्रत्यक्ष संवाद भी किया गया। जिसमें छात्रों ने अपने भविष्य, विषय चयन एवं कैरियर विकल्पों से जुड़े प्रश्न पूछे। कार्यक्रम का संचालन उप–प्रधानाचार्य डॉ० नरेन्द्र सिंह द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक युग में कैरियर गाइडेंस छात्रों के लिए अत्यंत आवश्यक है, जिससे वे अपनी रुचि और क्षमता के अनुसार सही निर्णय ले सकें। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य अशोक कुमार ने कहा कि कैरियर गाइडेंस केवल रोजगार



पाने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह छात्रों को आत्मविश्वास, दिशा और लक्ष्य प्रदान करता है। विद्यालय का प्रयास है कि प्रत्येक छात्र अपनी रुचि एवं प्रतिभा के अनुरूप आगे बढ़े। पीएम योजना के अंतर्गत इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायक सिद्ध हो रहे हैं। विजीटर रजिस्टर में आगंतुकों द्वारा अंकित विचारों में कार्यक्रम की व्यापक प्रशंसा की गई। गीता गुप्ता (उप–प्रबंधक) ने इसे छात्रों के भविष्य निर्माण की दिशा में सराहनीय पहल बताया। सौरभ शुक्ला (फील्ड समन्वयक, UNICEF) ने कहा कि विद्यालय द्वारा कैरियर हब एवं कैरियर मेले का सुव्यवस्थित आयोजन किया गया, जिससे बच्चों में उत्साह एवं जागरूकता बढ़ी है। रजनेश शुक्ला (सामाजिक कार्यकर्ता) ने ग्रामीण व कस्बाई क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए इस प्रकार के मार्गदर्शन को अत्यंत आवश्यक बताया। राधा वर्मा ने मेले को सुव्यवस्थित बताते हुए छात्रों को अनुशासित एवं जिज्ञासु बताया। रोहित वर्मा (असिस्टेंट एंप्लॉयमेंट ऑफिसर) ने कार्यक्रम को अत्यंत सफल बताते हुए विद्यालय परिवार की प्रशंसा की। राजकुमार दीक्षित ने कहा कि इस आयोजन से छात्रों को सही दिशा मिली है। विष्णुकुमार दीक्षित (प्रधानाचार्य) ने कैरियर गाइडेंस कक्ष को अन्य विद्यालयों के लिए प्रेरणादायक बताया, वहीं प्रधानाचार्य रवि कुमार सक्सेना, वीरेश सिंह ने भी इस पहल को समय की आवश्यकता बताया। कार्यक्रम में उप–प्रधानाचार्य फूल चंद्र, डॉ० शादाब आलम, मो० इमरान, राजनारायण वर्मा, सुनील सिंह, तारा चंद्र पटेल, सतेंदर मौर्य, सतेंद्र गुप्ता, सौरभ मिश्रा सहित अन्य शिक्षकगण एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। अंत में सभी आगंतुकों ने विद्यालय द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना करते हुए भविष्य में भी इस प्रकार के कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम आयोजित करने की आवश्यकता पर बल दिया।

# पूर्वाचल एक्सप्रेस-वे के पास अज्ञात कंपनी का जमीन सर्वे

## - ग्रामीणों की सैकड़ों एकड़ जमीन पर बिना सूचना सर्वे, गूगल मैप पर दिखा कंपनी का नाम

## - शिकायत पर हरकत में आया प्रशासन

न्यूज वाणी ब्यूरो

सुल्तानपुर। पूर्वांचल एक्सप्रेस–वे के औद्योगिक कॉरिडोर के पास अज्ञात कंपनी द्वारा ग्रामीणों की सैकड़ों एकड़ बेशकीमती जमीन का सर्वे किए जाने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। हैरानी की बात यह रही कि इस पूरे घटनाक्रम से जिला प्रशासन पूरी तरह बेखबर था। मामला सामने तब आया जब ग्रामीणों ने गूगल मैप पर अपनी जमीनों पर एक निजी कंपनी का नाम और अलग नक्शा अंकित देखा। यह मामला जयसिंहपुर तहसील क्षेत्र का है। सुल्तानपुर–अंबेडकर नगर मार्ग पर सेमरी के पास से होकर गुजर रहे पूर्वांचल एक्सप्रेस–वे के आसपास देवपरापुर, ईसुर, बुआपुर और खपड़ाडीह गांवों में बीते दिसंबर माह में कुछ लोग गाड़ियों से पहुंचे। उन्होंने दूरबीन और नक्शों की मदद से खेतों का सर्वे किया और जमीनों पर छोटी–छोटी खूंटियां गाड़ दीं। ग्रामीणों के पूछने पर सर्वे करने वालों ने केवल इतना बताया कि जमीन का सर्वे किया जा रहा है, लेकिन न तो कंपनी का स्पष्ट नाम बताया गया और न ही सर्वे का उद्देश्य। कुछ दिनों बाद ग्रामीणों ने जब गूगल मैप देखा तो उन्हीं खूंटियों वाली जमीन पर 'आर एंड सी इंफ्रा इंजीनियरिंग रिफ्रेशमेंट एंड कन्वेनियंस' नामक कंपनी का उल्लेख और अलग लेआउट दिखाई देने लगा। इससे ग्रामीणों में दहशत फैल गई और जमीन हड़पने की आशंका गहराने लगी। ग्रामीणों की शिकायत पर जनप्रतिनिधियों के माध्यम से जिला प्रशासन को सूचना दी गई। देवपरापुर निवासी सूर्यभान सिंह, ग्राम प्रधान रामकरन यादव और ग्राम ईसुर के प्रधान प्रतिनिधि वीरेंद्र वर्मा की सूचना पर आलाधिकारियों के निर्देश से एसडीएम



जयसिंहपुर प्रभात सिंह, तहसीलदार और राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुंची। अधिकारियों ने खेतों में लगी खूंटियों का निरीक्षण किया और उन्हें हटवा दिया। हालांकि खूंटियों से कोई ठोस जानकारी नहीं मिल सकी। नेट पर उपलब्ध कंपनी के संपर्क नंबर पर फोन करने की कोशिश की गई, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। एसडीएम प्रभात सिंह ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि डरने की कोई आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि शासन या प्रशासन की ओर से इस तरह के किसी सर्वे या भूमि अधिग्रहण का कोई आदेश जारी नहीं किया गया है। यदि भविष्य में कोई कार्रवाई होती है तो ग्रामीणों को विश्वास में लेकर ही समाधान किया जाएगा। फिलहाल प्रशासन मामले की जांच में जुटा है, जबकि ग्रामीण अपनी जमीनों की सुरक्षा को लेकर सतर्क और चिंतित बने हुए हैं।

# प्रियंका गांधी का जन्मदिन सादगी व उत्साह से मना

## - मनरेगा बचाओ संग्राम अभियान का शुभारंभ

न्यूज वाणी ब्यूरो

सुल्तानपुर। जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव एवं




वायनाड की सांसद श्रीमती प्रियंका गांधी वाड्रा का जन्मदिन जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर सादगी, उल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने 51 किलो का केक काटकर एक–दूसरे का मुंह मीठा कराया और प्रियंका गांधी वाड्रा के दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य एवं उज्ज्वल राजनीतिक भविष्य की कामना की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने कहा कि प्रियंका गांधी वाड्रा संवैधानिक मूल्यों, सामाजिक न्याय और जन सरोकारों की सशक्त प्रतीक हैं। वे महिलाओं, युवाओं और वंचित वर्गों की आवाज बनकर देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूती प्रदान कर रही हैं। उनका संघर्षशील और संवेदनशील नेतृत्व देश की राजनीति को नई दिशा देने वाला है। शहर कांग्रेस अध्यक्ष शकील अंसारी ने कहा कि प्रियंका गांधी वर्तमान समय में देश की करोड़ों महिलाओं और युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उनका साहस और जनसमर्पण समाज के हर वर्ग में आशा और विश्वास जगाता है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता जफर खान ने कहा कि प्रियंका गांधी सच्चे अर्थों में जनसंघर्ष की प्रतीक हैं, उत्तर प्रदेश में उनका कार्यकाल संघर्षों से भरा रहा है। वरिष्ठ नेता हरीश त्रिपाठी ने कहा कि प्रियंका गांधी जी वर्तमान सरकार के अहंकार के विरुद्ध मजबूती से खड़ी होकर गरीब, मजदूर और किसानों के अधिकारों की लड़ाई लड़ रही हैं। जन्मदिन के अवसर पर सेवादल के प्रदेश सचिव दिनेश मिश्रा एवं सुरेश चंद्र मिश्रा द्वारा कांग्रेस कार्यालय परिसर में पौधारोपण भी किया गया। इसी अवसर पर अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी के आवाहन पर जनपद में मनरेगा बचाओ संग्राम अभियान का विधिवत शुभारंभ किया गया। जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने बताया कि यह अभियान 12 जनवरी से 29 जनवरी तक जिले के सभी विकास खंडों और ग्राम पंचायतों में चलाया जाएगा। अभियान के तहत ग्राम पंचायत स्तर पर चौपाल, जनसंपर्क कार्यक्रम और जनसभाओं का आयोजन कर मनरेगा श्रमिकों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस दौरान कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एवं नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का पत्र ग्राम प्रधानों, पूर्व प्रधानों, रोजगार सेवकों और श्रमिकों तक पहुँचाया जाएगा तथा मनरेगा रोजगार गारंटी योजना के महत्व और श्रमिकों के संवैधानिक अधिकारों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। कार्यक्रम में राहुल त्रिपाठी, नफीस फारूकी, वरुण मिश्र, सलाहुद्दीन हाशमी, रणजीत सिंह सलूजा, हौसिला प्रसाद भीम, जय प्रकाश पाठक, आवेश अहमद, ममनून आलम, सुब्रत सिंह, नरेश चंद्र उपाध्याय, उमाकांत त्रिपाठी, मनीष तिवारी, विनय त्रिपाठी, अनवर फौजी, तेरस राम पॉल, कमर खान, विकास मिश्रा, अजय मिश्रा, असलम अंसारी, अवधेश गौतम, गुड्डू जायसवाल, रियाज अहमद, इमरान अहमद सहित सैकड़ों कांग्रेसजन मौजूद रहे।

# मदरसा नूरूल हुदा लिलबनात में कौमी एकता रजाई कंबल वितरण संपन्न

## - इंसानियत से बढ़ कर कोई बड़ा कार्य नहीं हो सकता : मौलाना खालिद

न्यूज वाणी ब्यूरो

खैराबाद, सीतापुर। स्थानीय मदरसा नूरूल हुदा लिलबनात मसवासी टोला में ग्यारहवां कौमी एकता रजाई कम्बल वितरण कार्यक्रम का आयोजन स्वर्गीय खलील अहमद खान की याद में खैरूननिसा एजुकेशनल एंड वेलफेयर सोसाइटी के तत्त्वावधान में आयोजित किया गया, इस अवसर पर सभी धर्म और सम्प्रदाय के लगभग 300 गरीब, और जरूरतमन्द लोगों को लाभ पहुंचाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ऐशबाग लखनऊ ईदगाह के शाही इमाम मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने कहा कि यह बहुत ही अच्छा और पुनीत कार्य है इससे इंसानियत को एक मजबूती प्रदान होती है और इस पुनीत कार्य यानी इंसानियत से बड़ा कोई न धर्म है और न पुनीत कार्य क्योंकि जब मनुष्य के अंदर इंसानियत पैदा हो जाती है उसका एखलाक अच्छा होता है तो उसके कार्य और हर अमल से अल्लाह भी खुश होता है इसलिए मौलाना मुती आफताब आलम नदवी खैराबादी जो कार्य पिछले ग्यारह सालों से करते चले आ रहे हैं वाकई यह बहुत अच्छा और बड़ा कार्य है बल्कि मैं यह चाहता हूं कि यहां मौजूद सभी लोग जो इस तरह के कार्य कर सकते हैं वो भी करें या मौलाना आफताब आलम के कार्य में सहयोग करें और इसके लिए मैं मौलाना को मुबारकबाद पेश करता हूं कि बड़ी मेहनत और लगन से कर रहे हैं। इसी अवसर पर मौलाना मुश्ताक नदवी लखनऊ, मौलाना सूफियान निजामी तथा सीतापुर व्यापार मण्डल अध्यक्ष भगवती प्रसाद गुप्ता तथा खैराबाद की बड़ी संगत माखूपुर के महंत .ष्णा चारी और शिया आलिम ए दीन मौलाना इश्तियाक हुसैन रिजवी ने भी इस मौक पर संबोधित किया और मौलाना आफताब आलम को मुबारकबाद पेश की। कार्यक्रम का सफल संचालन कार्यक्रम आयोजक मौलाना आफताब आलम नदवी खैराबादी ने किया और सभी अतिथियों का आभार भी व्यक्त किया। इस अवसर पर उपस्थित प्रशासनिक अधिकारियों में नायब तहसीलदार तिवारी, लेखपाल आलोक कुमार,तथा अन्य गणमान्य व्यक्तियों में अब्दुल कय्यूम अंसारी, हाजी आबिद अली, हाजी साजिद अली, लक्ष्य शांति अखबार के संस्थापक रामसुमिरन शर्मा, सुप्रसिद्ध शायर डॉक्टर अब्दुल अजीज खैराबादी, मदरसा अल्लामा फजले हक ैराबादी मेमोरियल कॉलेज खैराबाद के संस्थापक काजिम हुसैन इमरान, हाफिज महताब आलम पत्रकार सरकार आलम, असमारुल हक कालू जायसवाल, मोहम्मद सत्तार खान, मोईन अहमद, अतीउल्लाह, जमा





अंसारी आदि को कार्यक्रम आयोजक मौलाना आफताब आलम और उनके सुपुत्र हमजा ने सभी अतिथियों सम्मानित व्यक्तियों को उपहार देकर सम्मानित किया।

# भाजपा जिला उपाध्यक्ष की सफारी बनी आग का गोला, चालक बाल-बाल बचा

न्यूज वाणी ब्यूरो



सुल्तानपुर। शनिवार को आगरा एक्सप्रेसवे पर एक बड़ा हादसा उस समय हो गया, जब सुल्तानपुर जिले के भाजपा जिला उपाध्यक्ष संजय सिंह त्रिलोकचंदी की सफारी गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे के तुरंत बाद वाहन में आग लग गई, जिससे सफारी पूरी तरह जलकर क्षतिग्रस्त हो गई। बताया जा रहा है कि दुर्घटना के समय वाहन में केवल चालक ही मौजूद था। गनीमत रही कि चालक ने सूझबूझ दिखाते हुए समय रहते गाड़ी से बाहर निकलकर अपनी जान बचा ली। इस घटना में चालक को किसी प्रकार की चोट नहीं आई है और वह पूरी तरह सुरक्षित है। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों और परिचितों में हड़कंप मच गया, लेकिन जब चालक के सुरक्षित होने की जानकारी मिली तो सभी ने राहत की सांस ली। भाजपा जिला उपाध्यक्ष संजय सिंह त्रिलोकचंदी ने बताया कि चालक पूरी तरह स्वस्थ है और इस हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है। आगरा एक्सप्रेसवे पर हुई इस घटना ने एक बार फिर तेज रतार और सड़क सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# विशेष विधिक साक्षरता शिविर का किशोर न्याय बोर्ड में आयोजन

न्यूज वाणी ब्यूरो

गाजीपुर। उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में विशेष विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किशोर न्याय बोर्ड में किया गया। जिसमें विजय कुमार–4 अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश गाजीपुर व अन्य कर्मचारीगण एवं पराविधिक स्वयं सेवक उपस्थित



हुये। सचिव द्वारा बताया गया कि देश में हर साल 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद की जयंती पर राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया जाता है। स्वामी विवेकानंद ने अपने विचारों से न सिर्फ भारत को, बल्कि पूरे विश्व को धर्म, मानवता और कर्म का सच्चा अर्थ समझाया इस दिन को मनाने का खास मकसद नौजवानों को उनके प्रेरणादायक विचारों व आदर्शों से परिचित कराना है। राष्ट्रीय युवा दिवस एक विशेष थीम के साथ मनाया जाता है, जो समय की चुनौतियों, शिक्षा, रोजगार, नवाचार, मानसिक मजबूती और सामाजिक जिम्मेदारी पर केन्द्रित होती है। यह थीम युवाओं को केवल सपने देखने नहीं, बल्कि उन्हें साकार करने की प्रेरणा देती हे।

# भूसे में बरामद हुआ नौ दिनों से लापता युवक का हत्यायुक्त शव

न्यूज वाणी ब्यूरो

दिलदारनगर, गाजीपुर। नौ दिनों से लापता कस्बा के वार्ड 9 निवासी व मूल रूप से चित्रकोनी गांव निवासी पूर्व सभासद मेराज खां के पुत्र सेराज की हत्या कर शव को बदमाशों ने देहवल ग्राम सभा के अंबेडकर बस्ती स्थित कांशीराम आवास में भूसा के ढेर में छिपा दिया था। पुलिस के पूछताछ में इरशाद ने हत्या का राज रविवार को खोला तो पुलिस




मौके पर पहुंची और भूसा से शव को निकाल आगे की कारवाई में जुट गई। फॉरेंसिक एक्सपर्ट टीम भी मौके पर पहुंचकर साक्ष्य एकत्रित की, मौके से एक बियर की बोतल, चप्पल व साल भी मिला। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन रोने बिलखने लगे। सेराज बीते 3 जनवरी की दोपहर 12 बजे से डाकखाना रोड स्थित कपड़ा की दुकान को बंद कर गायब था। इसी दिन शाम को लोगों ने सेराज को कुछ लोगों के साथ सरैला चट्टी पर देखा था और शाम से ही सेराज का मोबाइल भी बंद था।पुत्र के लापता होने पर पिता मेराज खां ने थाना में तहरीर दिया तो पुलिस गुमशुदगी का मामला दर्ज कर छानबीन में जुट गई। इसी बीच बीते मंगलवार की शाम को अमौरा रोड पेट्रोल पंप के आगे बगीचा स्थित तालाब में बाईक मिला था।पुलिस किसी अनहोनी की आशंका पर दो दिन जाल डलवाकर तालाब में खोजबीन कराई लेकिन कुछ नहीं मिला। पूछताछ के क्रम में पुलिस ने इरशाद सहित कुछ अन्य लोगों को भी उठाया था। पूछताछ के दौरान ही चिउटहां निवासी इरशाद ने सेराज के हत्या की पूरी कहानी पुलिस के सामने उगल दिया कि प्रेम प्रपंच में सेराज की गला घोंटकर हत्या की गई। पुलिस इरशाद को लेकर देहवल गांव के अंबेडकर बस्ती स्थित कांशीराम आवास पहुंची और इरशाद के बताने पर दूसरे तल पर भूसा के ढेर से सेराज के शव को निकाली और विधिक कारवाई में जुट गई।घटना की जानकारी होते ही पिता मेराज भी मौके पर पहुंच गए और पुत्र के शव को देख रोने बिलखने लगे। उसके बाद सेरज का शव मिलने की जानकारी आग की तरह फैल गई और बाजार सहित चित्रकोनी गांव के लोगों की भारी भीड़ थाना में जुट गई।

फतेहपुर के डा. जमाल चश्में वालों की मशहूर दुकान
फैसल चश्में वाले
(साइन्टिफिक आप्टीशियन)
किशनपुर रोड, चौड़ा खेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे पहुंच गई है।
(जापानी कम्प्यूटर द्वारा आंखों की जाँच)
हमारे यहाँ पर आखों की जाँच करके नजर व धूप के चश्में बनायें जाते है।
नोट- सरदर्द, आँखों में दर्द, मोतिया बिन्द, समलबाई, धुन्ध, आपरेशन आँख दूर व पास के अक्षर साफ न दिखाई देने पर साइन्टिफिक आप्टीशियन द्वारा आँखों की जाँच करके नज़र व धूप के चश्में बनाये जाते है व साफ्ट कान्टेक्ट लेन्स लगायें जाते है एवं कान की मशीन भी उपलब्ध है।
नोट- मोतिया बिन्द के आपरेशन व आँखों के अन्य आपरेशनों के साथ-साथ लैसिक द्वारा चश्मा हटवाने के लिए सम्पर्क करें। आँख के अन्दर (I.O.L.) लेन्स लगवाने के 21 दिन बाद अवश्य चश्मा लगवा लें वरना रोशनी कम होने का खतरा बना रहता है।
फैसल चश्में वाले
किशनपुर रोड, चौड़ाखेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे, खागा-फतेहपुर
डा. जमाल अहमद, जी.टी. रोड, फतेहपुर, MBBS. (H) P.M.P
हाजी ख़लीक़ अहमद जाफरी, सम्पादक कारवाने हक, 9415065213
एफ.ए.जाफरी, D.R. (Opt.), 7379440876

# 59 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल का भर्ती-पूर्व प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। सशस्त्र सीमा बल की 59वीं वाहिनी द्वारा नागरिक कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत सीमावर्ती क्षेत्र के युवाओं को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए वाइब्रेंट विलेज सलारपुर में 15 दिवसीय भर्ती–पूर्व प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन 12 जनवरी 2026 को किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में सीमावर्ती क्षेत्र के 30 युवक एवं युवतियाँ भाग ले रहे हैं। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को शारीरिक दक्षता, लिखित परीक्षा की तैयारी एवं सैन्य भर्तियों से संबंधित आवश्यक जानकारी प्रदान की जाएगी, जिससे वे विभिन्न सैन्य बलों में भर्ती प्रक्रिया में आत्मविश्वास के साथ भाग ले सकें। कार्यक्रम का आयोजन कैलाश चंद रमोला, कमाण्डेंट, 59 वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल के कुशल नेतृत्व में किया गया। उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि पंकज कुमार ठाकुर ने उपस्थित युवाओं एवं ग्रामीणवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों के युवाओं को सही दिशा देना तथा उन्हें नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रखना सशस्त्र सीमा बल की प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम युवाओं को एक जिम्मेदार नागरिक एवं अनुशासित जीवन की ओर प्रेरित करने का सशक्त माध्यम है। साथ ही, प्रशिक्षण में भाग ले रही युवतियों को बल में कार्यरत महिला कार्मिकों से प्रेरणा लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणवासियों एवं सशस्त्र सीमा बल के अधिकारियों एवं कार्मिकों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने 59वीं वाहिनी द्वारा किए जा रहे इस जनकल्याणकारी प्रयास की सराहना की यह प्रशिक्षण कार्यक्रम सीमावर्ती क्षेत्र के युवाओं के भविष्य निर्माण में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।




# उत्कृष्ट सेवा सम्मान से पुलिस प्रशासन को किया सम्मानित

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। उद्योग व्यापार मंडल द्वारा नगर में शांति व्यवस्था बनाए रखने एवं अपराधियों पर तुरंत कार्रवाई हेतु समर्पित पुलिस प्रशासन का एक सम्मान समारोह कार्यक्रम स्थानीय सारंग होटल मे सम्पन्न हुआ। विगत दिनों पूर्व शहर के नजर बाग (व्यापारिक क्षेत्र) में हुई चोरी को मात्र तीन दिन में बरामद सामान एवं चोरों सहित अनावरण करने का कार्य जिन पुलिस कर्मियों ने अपनी जिम्मेदारी का निर्वाहन करते हुए निभाया उन सभी को इस सम्मान समारोह में उत्ष्ट सेवा सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी, उक्त कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए संरक्षक संतोष कुमार गुप्ता बांदा उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष संतोष अनशनकारी, महामंत्री संजीव सेठ, कोषाध्यक्ष महेश गुप्ता, उपाध्यक्ष अंकित साहू, पूर्व अध्यक्ष न०पा० राजकुमार गुप्ता राज, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अंकित बासू, भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष वंदना गुप्ता,ब्लॉक प्रमुख स्वर्ण सिंह सोनू, व्यापारी नेता मनोज जैन, अध्यक्ष औद्योगिक क्षेत्र अशोक कुमार गुप्ता,



व्यापारी संत कुमार गुप्ता, सुनील सक्सेना उपाध्यक्ष भारतीय उद्योग व्यापार मंडल, संजय जैन सहित सैकड़ो की संख्या में मौजूद व्यापारियों ने पूरी पुलिस टीम को सफल अनावरण की सम्मानित कर बधाई दी। पलाश बंसल पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में शिवराज अपर पुलिस अधीक्षक, मेविस टॉक सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में अपराध और अपराधी पर लगाम लगाने वाली टीम का हुआ सम्मान। सम्मानित होने वाली टीम बलराम सिंह प्र0निरी0 कोतवाली नगर, आनंद कुमार प्रभारी एसओजी, बुद्धी सागर चौकी प्रभारी मर्दन नाकाउ0नि0 इबरार सिद्दकी उ0नि0 जगदीश प्रसाद तिवारी, हे0कां0 संदीप कुमार एसओजी, कां0 गोविन्द यादव थाना कोतवाली नगर, कां0 कमल सिंह सेंगर एसओजी, कां0 अमित कुशवाहा एसओजी,

कां0 ऋषभ कुमार एसओजी, कां0 सत्यम गुर्जर थाना कोतवाली नगर, कां0 .ष्णकांत सिंह थाना कोतवाली नगर, कां0 महेन्द्र सिंह थाना कोतवाली नगर, विजय सिंह कुशवाहा इंस्पेक्टर क्राइम कोतवाली नगर, सुरेश चंद्र नगायच प्रभारी एलआईयू बांदा, सब इंस्पेक्टर मो०इबरार सिद्दीकी, सब इंस्पेक्टर जगदीश तिवारी,कांस्टेबल गोविंद, कॉन्स्टेबल अखिलेश, कांस्टेबल हरपाल,हेड कांस्टेबल अश्वनी प्रताप,हेड कांस्टेबल आशीष शर्मा,कांस्टेबल प्रतीक,कांस्टेबल मनीष मिश्रा,कांस्टेबल अमित त्रिपाठी,आदि को मुख्य अतिथि प्रकाश द्विवेदी सदर विधायक एवं बांदा उद्योग व्यापार मंडल बांदा के पदाधिकारी एवं अतिथियों के द्वारा सम्मानित किया गया।

# हल्का लेखपाल पर गंभीर आरोप, शिकायतकर्ता को जान से मारने की धमकी

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। नानपारा तहसील क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चौधरी गांव में हल्का लेखपाल पर गंभीर आरोप सामने आए हैं। ग्राम निवासी अतार अहमद एडवोकेट ने आरोप लगाया है कि उनके द्वारा जिलाधिकारी बहराइच को दिए गए शिकायती प्रार्थना पत्र के बाद संबंधित हल्का लेखपाल उपकार कुमार मिश्र और उनके सहयोगियों द्वारा उन्हें लगातार धमकाया जा रहा है। पीड़ित के अनुसार, दिनांक 12 जनवरी 2026 को जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देने के बाद तत्काल आख्या प्रस्तुत करने के आदेश पारित किए गए। इसी से नाराज होकर हल्का लेखपाल उपकार कुमार मिश्र तथा उनके सहयोगी राजेश कुमार श्रीवास्तव ने फोन के माध्यम से अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए प्रार्थना पत्र वापस न लेने पर जान से मारने और झूठे मुकदमे में फंसाकर जेल भेजने की धमकी दी। इतना ही नहीं, पीड़ित ने यह भी आरोप लगाया है कि कुछ राजनीतिक कार्यकर्ताओं और ग्राम स्तर के प्रभावशाली व्यक्तियों द्वारा भी प्रार्थना पत्र वापस लेने का दबाव बनाया जा रहा है। पीड़ित का कहना है कि इससे उन्हें और उनके परिवार को गंभीर मानसिक तनाव और भय का सामना करना पड़ रहा है। मामले को लेकर पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक बहराइच को प्रार्थना पत्र देकर आरोपियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने, निष्पक्ष जांच कराने तथा स्वयं की सुरक्षा सुनिश्चित कराने की मांग की है।

# जमीन की पैमाइश होने के बावजूद दबंगो का कब्जा

## - पीड़ित पर जानलेवा हमला, एसपी से शिकायत

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। मामला पुलिस अधीक्षक कार्यालय से सामने आया है जहां पर पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक को लिखित शिकायत पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। बता दें कि अरविन्द सिंह पुत्र करन सिंह निवासी ग्राम ऐझी थाना असोथर जिला फतेहपुर का मूल निवासी है। पीडित की जमीन जनपद के मर्का थाना क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम अधांव तहसील बबेरू में है। जिसमें जिलाधिकारी को 18 सितंबर 2025 को एसडीएम बबेरू को आदेशित किया था कि वाद सं0 टी–2017071102022566 की धारा 116 उ०प्र० राजस्व संहिता 2006 के उपजिलाधिकारी के न्यायालय के आदेशानुसार पैमाइश करायी गयी जिसकी पैमाइश 08 दिसंबर को नायब तहसीलदार मर्का व राजस्व निरीक्षक भभुआ व लेखपाल व पुलिस की संयुक्त टीम के साथ कब्जा खाली कराया गया और जुताई करायी गयी लेकिन अब वहां के दबंग बुद्धराज सिंह पुत्र जगन्नाथ बडकू पुत्र जगन्नाथ, हर्षित उर्फ पवन पुत्र सुजीत सिंह, रवि पुत्र मलखान सालिगराम पुत्र रामेश्वर, मुलचन्द्र पुत्र रामेश्वर आदि लोग पीड़ित की जमीन जोतने बोने नहीं दे रहे है। ट्रैक्टर वालो को माँ बहन की गाली गलौज करते है और पीड़ित को जान से मारने की धमकी देते है। पीड़ित द्वारा थाना प्रभारी मर्का को लिखित प्रार्थनापत्र के साथ सूचित किया गया कि उक्त लोग हमें खेत को जोतने बोने नहीं दे रहे है थाना प्रभारी को पीड़ित द्वारा कई बार प्रार्थनापत्र देने के बावजूद उक्त सभी लोगों के विरुद्ध कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है जिसमें नायब तहसीलदार मर्का द्वारा 10 जनवरी को थाना दिवस में पीड़ित को अपनी खेती जोतने के लिये कहा गया है कि जब कोई समस्या आये थाना प्रभारी को अवगत कराया जाये, लेकिन व धारदार हथियारों को लेकर के इकट्ठा हो जाते है। लेकिन पीड़ित की जमीन दखल देहानी होने व




थाना प्रभारी को अवगत कराने के बावजूद विपक्षियों को थाना नहीं बुलाया जा रहा है जिससे उक्त सभी लोगों का मनोबल बढ रहा है। उक्त सभी लोग पीडित को मारने पीटने के लिये लाठी, डण्डा, फरसा दखल देहानी की नकल प्राप्त हो जाने के बाद भी दबंगों के ऊपर पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। मांग है कि जांच करवाकर दोषियों के ऊपर कानूनी कार्रवाई करें।

# बाल विवाह व बालश्रम रोकथाम हेतु की हितधारक बैठक

## – ग्राम सभा स्तर विवाह रजिस्टर एवं पलायन रजिस्टर रखना होगा अनिवार्य

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। देहात संस्था के तत्वाधान में ब्लॉक स्तरीय हितधारक बैठक का आयोजन जनपद बहराइच अंतर्गत विकास खंड चितौरा के सभागार कक्ष में किया गया। बैठक की शुरुआत देहात संस्था से मोहम्मद यूसुफ ने सभी का स्वागत करते हुए किया बाल विवाह पर चर्चा करते हुए उन्होंने बताया की बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के अंतर्गत लड़के की आयु 21 और लड़की की आयु 18 पूर्ण होनी चाहिए। उन्होंने शादी अनुदान स्कीम के बारे में भी बताया जो की श्रम विभाग एवं मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत पंजीकरण करने पर लाभ मिलता है। ब्लॉक ऑफिस चित्तौरा से ए०डी०ओ० पंचायत श्री राम कुमार ने वहाँ उपस्थित सभी हितधारकों से विवाह रजिस्टर और पलायन रजिस्टर बनाने के लिए बताया। देहात संस्था से मोहम्मद इमरान ने विवाह एवं पलायन रजिस्टर के बारे में जानकारी साझा की। उन्होंने बताया की हर ग्राम पंचायत स्तर पर विवाह रजिस्टर और पलायन रजिस्टर बनाया जाना जिसके लिए प्रसासन के शासनादेश जारी किया गया है। जिसको लेकर हर माह ब्लॉक पर और जिले पर रिपोर्ट करना होगा अंत में ए०डी०ओ० पंचायत श्री राम कुमार,ने सभी को बाल विवाह के विरुद्ध शपथ दिला कर बैठक का समापन कराया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में विजय कुमार सिंह खंड विकास अधिकारी,फिरोज खान पंचायती राज एसोशिएट, बाल विकास परियोजना टीम सहित अन्य ब्लॉक स्तरीय हितधारकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# लेखपाल पर निजी भूमि पर जबरन पैमाइश का आरोप

## – मनमानी और अवैध कब्जे के प्रयास

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। तहसील महसी क्षेत्र में राजस्व विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करते हुए एक भूमि स्वामी ने क्षेत्रीय लेखपाल पर नियमविरुद्ध पैमाइश, अवैध कब्जे के प्रयास और अभद्र व्यवहार का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़ित राम अचल व उनके भाई सांवली प्रसाद ने उपजिलाधिकारी महसी को प्रार्थना पत्र देकर गाटा संख्या 331, 332, 333 एवं 334 की बार–बार कराई जा रही पैमाइश पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है। पीड़ितों का कहना है कि उनकी निजी .षि भूमि राजस्व अभिलेखों में विधिवत दर्ज है और उसकी सीमाएं मूल राजस्व नक्शे में स्पष्ट रूप से अंकित हैं। इसके बावजूद लेखपाल द्वारा जनसुनवाई पोर्टल (आईजीआरएस) के आदेशों की अनदेखी करते हुए उनकी भूमि को ग्राम समाज की जमीन में मिलाने का प्रयास किया जा रहा है। आरोप है कि पैमाइश के दौरान वर्षों से मान्य संदर्भ बिंदुओं को नजरअंदाज कर मनमाने आधार पर नाप–जोख की जा रही है। प्रार्थना पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि 10 जनवरी को बिना किसी पूर्व सूचना या लिखित नोटिस के पैमाइश कर मेड़ तोड़ दी गई और टेढ़ी नाप से विवाद की स्थिति पैदा कर दी गई। विरोध करने पर लेखपाल द्वारा अभद्र व्यवहार किए जाने का भी आरोप है, जिससे पीड़ित परिवार में भय और असुरक्षा का माहौल बना हुआ है। पीड़ितों ने मामले की निष्पक्ष जांच, स्वतंत्र राजस्व टीम की निगरानी में मूल नक्शे के अनुसार पुनः विधिसम्मत पैमाइश कराने तथा भविष्य में पैमाइश से पूर्व लिखित सूचना अनिवार्य करने की मांग की है। साथ ही लेखपाल के विरुद्ध उचित कार्रवाई की मांग करते हुए प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई गई है।

# जी राम जी अधिनियम में 125 दिनों की रोजगार की गारंटी : रामकेश

## - रोजगार न मिलने पर ग्रामीणों को मिलेगा भत्ता

## - सात दिनों के अंदर काम का भुगतान न होने पर ब्याज सहित होगा भुगतान

न्यूज वाणी ब्यूरो

बाँदा। विकसित भारत–जी राम जी अधिनियम को लेकर भाजपा व




उसके सहयोगी दलों की भाजपा कार्यालय में एक प्रेस वार्ता जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत की अध्यक्षता में आयोजित की गई जिसमें विकसित भारत–गारंटी फार रोजगार एवं अजीविका मिशन ग्रामीण अधिनियम की जानकारी दी गई। जल शक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद ने कहा कि विकसित भारत जी–राम–जी का उद्देश्य ग्रामीण रोजगार को केवल कल्याण योजना के रूप में नहीं वल्कि विकास से जुड़ी गारंटी के रूप में स्थापित करना है। ताकि यह विकसित भारत 2047 के .ष्टिकोण के अनरुप हो। यह अधिनियम ग्रामीण रोजगार को आधुनिक बनाने का लक्ष्य रखता है और मनरेगा की पुरानी कमजोरियों को दूर करने के लिए तकनीक पर आधारित पारदर्शिता, मजबूत जवाबदेही और स्थाई संसाधनों व दीर्घकालीन ग्रामीण उत्पादन पर विशेष ध्यान देने की व्यवस्था करता है। उन्होंने बताया कि ग्रामीण परिवार को मिलने वाली निश्चित रोजगार 100 दिनों से बढ़ाकर 125 दिन किया गया है और 185 दिनों की गारंटी देता है स इस अधिनियम में किसानों के हितों की सुरक्षा की गई है जिसमें फसल बोने और काटने के प्रमुख मौसमों के दौरान अन्य विकसित भारत जी–राम–जी के कार्यों को कानूनी रूप से रोका जायेगा स उन्होंने कहा कि यह अधिनियम 60 दिन अतिरिक्त मजदूरी पाने की गारंटी देता है साथ ही यह भी गारंटी है कि यदि किसी ग्रामीण को काम की माँग के 15 दिन के अंदर रोजगार नहीं मिलता तो भत्ता दिया जायेगा स इसी प्रकार जहाँ भुगतान के लिए महीनों इंतजार करना पड़ता था वहीं इस अधिनियम में मांगे गए काम के 7 दिनों के अंदर यदि कोई भुगतान नहीं मिलता तो ब्याज सहित भुगतान किया जायेगा। प्रेसवार्ता में भाजपा के सहयोगी दलों में सोहेल देव पार्टी से बुंदेलखंड अध्यक्ष बलवंत सिंह खेंगर व जिलाध्यक्ष कमलेश चौरसिया, लोकदल पार्टी से जिला प्रभारी नईम नेता, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जगराम सिंह, राष्ट्रीय परिषद सदस्य संतोष गुप्ता, जिला मीडिया प्रभारी उत्तम सक्सेना मौजूद रहे।

# पुलिस व राजस्व विभाग की टीम ने चौकीदारों को बाटे कंबल

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। शीत ऋतु को .ष्टिगत पुलिस प्रशासन एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा थाना बबेरु क्षेत्र के समस्त चौकीदारों को कम्बल वितरित किए गए है। क्षेत्राधिकारी बबेरु सौरभ सिंह के द्वारा




पुलिस व राजस्व विभाग की संयुक्त टीम के साथ आज थाना बबेरु पर थाना बबेरु क्षेत्र के समस्त चौकीदारों को कम्बल वितरित किया गया। चौकीदारों द्वारा पुलिस एवं राजस्व प्रशासन द्वारा की गई इस मानवीय पहल के लिए आभार व्यक्त किया गया। इस दौरान पुलिस और राजस्व विभाग के अधिकारियों व कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

# सीएससी केंद्रों का गहन सत्यापन, नियमों का पालन न करने वाले कई केंद्र बंद

न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर। सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय भारत सरकार द्वारा अधि.त सीएससी ई–गवर्नेंस सर्विसेज इंडिया लिमिटेड के अंतर्गत संचालित कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) केंद्रों का जिले में गहन सत्यापन अभियान चलाया जा रहा है। यह कार्रवाई साइबर क्राइम की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए नागरिकों को डिजिटल फ्रॉड से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सीएससी द्वारा जिला व राज्य स्तरीय अधिकारियों के माध्यम से केंद्रों का प्राथमिकता के आधार पर सत्यापन कराया जा रहा है। इस प्रक्रिया के तहत देशभर में ऐसे हजारों सीएससी केंद्रों को बंद किया गया है, जिन्होंने अब तक निर्धारित स्थान पर संचालन, सेवा सूची (रेट लिस्ट), ब्रांडिंग और पुलिस सत्यापन प्रमाणपत्र (पीसीसी) जमा नहीं किया था। यह कार्रवाई आगे भी चरणबद्ध तरीके से जारी रहेगी। सूत्रों के मुताबिक, लंबे समय से निष्क्रिय अथवा स्थापित होने के बावजूद संचालित न होने वाले सीएससी केंद्रों की आईडी भी निष्क्रिय कर दी गई है। सीतापुर जिले के सीएससी जिला प्रबंधक मतीन अहमद ने बताया कि प्रथम चरण में जिले के 82 सीएससी केंद्रों को पुनरीक्षण के तहत बंद किया गया है, जबकि शेष केंद्रों का सत्यापन कार्य तेजी से पूरा किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सीएससी केंद्रों के माध्यम से बिजली बिल भुगतान, प्रधानमंत्री योजनाओं का पंजीकरण, पैन व पासपोर्ट सेवाएं, बीमा, बैंकिंग,आधार संशोधन जैसी अनेक डिजिटल सेवाएं नागरिकों को उपलब्ध कराई जाती हैं। केंद्र सत्यापन के दौरान केंद्रों की ब्रांडिंग, सेवा सूची–रेट लिस्ट और पुलिस वेरिफिकेशन की उपलब्धता के साथ–साथ विशेष ऐप के जरिए जियो–टैगिंग सहित सभी मानकों की जांच की जा रही है। जिला प्रबंधन मतीन अहमद ने सभी सीएससी संचालकों से अपील की है कि वे निर्धारित नियमों का पालन सुनिश्चित करें स्वयं भी साइबर फ्रॉड से सतर्क रहें और आम नागरिकों को भी इसके प्रति जागरूक करें।




# स्थापना के लिए हो रही थी खुदाई, प्रकट हुई साक्षात मैया

## - मूर्ति निकलने से उमड़ा आस्था का सैलाब

न्यूज वाणी ब्यूरो

रामपुर मथुरा, सीतापुर। रामपुर मथुरा क्षेत्र के बिलासपुर ग्राम पंचायत में उस वक्त भक्ति और उल्लास का माहौल बन गया, जब एक मंदिर निर्माण के लिए हो रही खुदाई के दौरान जमीन के भीतर से माता की प्राचीन मूर्ति निकली। इस खबर के फैलते ही पूरे इलाके में जयकारों की गूंज सुनाई देने लगी और दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का भारी हुजूम उमड़ पड़ा। जानकारी के मुताबिक बिलासपुर ग्राम पंचायत में स्थित एक प्राचीन मंदिर के समीप ही नए मंदिर के निर्माण का संकल्प लिया गया था। नींव की खुदाई का कार्य सुचारू रूप से चल रहा था, तभी अचानक मजदूरों का फावड़ा किसी ठोस वस्तु से टकराया। धातु या पत्थर के टकराने की आवाज सुनकर ग्रामीण सतर्क



हो गए। जब सावधानीपूर्वक मिट्टी हटाई गई, तो वहां से माता की दिव्य मूर्ति प्रकट हुई। जयकारों से गूंज उठा क्षेत्र, शुरू हुई पूजा–अर्चना मूर्ति देखते ही वहां मौजूद ग्रामीणों की आंखों में श्रद्धा के आंसू छलक आए। आनन–फानन में मूर्ति को बाहर निकालकर पवित्र जल से साफ किया गया और विधि–विधान से पूजा–अर्चना शुरू कर दी गई। देखते ही देखते मंदिर परिसर जय माता दी के नारों से सराबोर हो गया। माता का इस प्रकार प्रकट होना हमारे गांव और क्षेत्र के लिए सौभाग्य की बात है। यह देवीय संकेत है कि क्षेत्र पर माता की असीम .पा है। अखंड पाठ और महाआरती की तैयारी घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन ने भी मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। ग्राम पंचायत प्रधान सत्यवान कुमार ने इसे पूरे क्षेत्र के लिए गौरव का क्षण बताया। उन्होंने घोषणा की है कि इस पावन अवसर पर गांव में विशेष धार्मिक आयोजन किए जाएंगे। सबसे पहले श्रीरामचरितमानस का विधिवत पाठ कराया जाएगा। पाठ के समापन पर एक भव्य महाआरती का आयोजन होगा, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं के शामिल होने की उम्मीद है। आस्था और विश्वास का केंद्र बना बिलासपुर ग्रामीणों का .ढ़ विश्वास है कि माता के इस विग्रह के प्रकट होने से गांव में सुख, समृद्धि और शांति का वास होगा। फिलहाल, बिलासपुर का यह मंदिर परिसर एक सिद्ध स्थल के रूप में तब्दील हो चुका है, जहां लोग दूर–दूरी से माथा टेकने पहुंच रहे हैं।

# विश्व योग सेवा ट्रस्ट ने स्वामी विवेकानंद जयंती पर मनाया स्थापना दिवस

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। महर्षि सिद्धनाथ उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भदेहदू बिसंडा में भारतीय संस्ति के महान उन्नायक व युवा सम्राट स्वामी विवेकानंद जयंती पर निशुल्क अमृत योग शिविर में योगाभ्यास द्वारा विश्व योग सेवा ट्रस्ट ने अपना स्थापना दिवस मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद के चित्र में विद्यालय के प्रबंधक राम मूरत सिंह पटेल के द्वारा दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण करके किया गया। योगाचार्य रमेश सिंह पटेल ने स्वामी विवेकानंद जी के जीवन से संबंधित अनेक प्रेरणादाई प्रसंग विद्यालय के बच्चों अध्यापकों और ग्रामीणों के बीच रखे। योगाचार्य व राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित रमेश सिंह राजपूत ने खड़े बैठे योग कराये और बताया कि योग आधारित जीवन शारीरिक, मानसिक, आध्यात्मिक, चारित्रिक, नैतिक रूप से सबल होता है। कवि व लेखक आकिब जावेद ने स्वामी जी के जीवन पर स्वरचित कविता प्रस्तुत की। इस अवसर पर एक पेड़ मां के नाम अरविंद मोहन पटेल द्वारा वृक्षारोपण किया गया। प्रबंधक राम मूरत पटेल ने अपने विद्यालय परिवार को अंग वस्त्र व पेन देकर सम्मानित किया महंत गया बाबा जी पूर्व ब्लाक प्रमुख बबेरू, प्रधानाचार्य गजराज कुशवाहा, सुरेंद्र मोहन पटेल, बलवीर कुशवाहा अध्यक्ष पैक्स पेड साथी, ज्योति शरण पटेल, विजय प्रकाश पटेल,विद्यालय के समस्त शिक्षक छात्राएं वह सैकड़ो ग्रामवासी उपस्थित होकर योग शिविर में भाग लिया और अमृत योग व कायाकल्प योग का लाभ उठाया। योगाभ्यास की भूरि भूरि प्रशंसा की गई। योगाचार्य रमेश चंद्र पटेल ने आगंतुकों व व्यवस्था से जुड़े लोगों का आभार प्रदर्शित किया। कल्याण मंत्र के साथ शिविर का समापन किया गया।



# किसान मंच ने एसपी से की मुलाकात

## – दोषियों पर कार्रवाई की उठाई मांग

न्यूज वाणी ब्यूरो/बिसवां, सीतापुर। किसान मंच महिला प्रदेश अध्यक्ष अल्पना सिंह व मंडल अध्यक्ष गंगाराम यादव के नेतृत्व में किसान मंच ने बिसवा पुलिस की जन विरोधी कार्यशैली से नाराज हो कर एसपी से मुलाकात करने पहुंचे जहां पर तेज तर्रार पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने तत्परता दिखाते हुए स्पेक्टर बिसवा को शाम तक दोशियों पर कार्रवाई करते हुए रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिये है। अब देखना है बिसवा पुलिस अपनी कार्यशैली में सुधार करेंगी या नहीं या अपराधियों को संरक्षण देने का काम बराबर जारी रखेगी बिसवा पुलिस। इस मौके पर किसान मंच की महिला प्रदेश अध्यक्ष अल्पना सिंह, मंडल अध्यक्ष गंगाराम यादव जिलाध्यक्ष राकेश बाजपेई महोली तहसील अध्यक्ष धर्मेंद्र पाण्डेय, बिसवा तहसील अध्यक्ष धर्मेंद्र यादव, रंजीत बंसल, सदस्य संदीप आदि संगठन के कई पदाधिकारीगण मौके पर मौजूद रहे।



# गरीबों की सेवा से बड़ी कोई पूजा नहीं : अभिलाष

न्यूज वाणी ब्यूरो

ऊंचाहार, रायबरेली। ईश्वर बड़े सौभाग्य से किसी की सेवा का अवसर देता है हम भाग्यशाली है कि हम किसी के लिए कुछ कर पा रहे हैं। समाज में अभावग्रस्त की सेवा करना उनकी मदद करना सबसे बड़ी पूजा है। यह विचार भाजपा ओबीसी मोर्चा के क्षेत्रीय मंत्री अभिलाष कौशल ने सोमवार को क्षेत्र के सेमरी रनापुर गांव में आयोजित समारोह में व्यक्त किया। यह समारोह गरीबों को कंबल वितरण के लिए क्षेत्र पंचायत सदस्य सुनील कुमार जायसवाल ने आयोजित किया था। उन्होंने कहा कि हम किसी की मदद करके उस पर कोई उपकार नहीं करते, अपितु हम उस व्यक्ति के ऋणी है, जिसने हमको अपनी सेवा का अवसर दिया। ऐसा कार्य बड़े भाग्य से मिलता है। उन्होंने कहा कि समाज में बड़े से बड़े धनाढ्य लोग है, किंतु गरीबों की सेवा का अवसर ईश्वर हर किसी को नहीं देता। उन्होंने लोगों से कहा कि हम आपके साथ हर स्थित में खड़े हैं, किसी को कभी भी किसी भी प्रकार की जरूरत हो, वो मेरे कार्यालय में आकर कभी भी मिल सकता है। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मंडल उपाध्यक्ष राजेंद्र यादव, गुड्डन यादव, मनोज पाल, विजय पाल, सुशील मौर्य, मो इदरीश, रमेश कुमार, पूर्व प्रधान रामफेर निर्मल,



राम कुमार यादव, विनोद कुमार, जगतपाल मौर्य, विकास सोनी, अमरजीत यादव, शुभ, मोहन यादव आदि मौजूद थे।

# गुमशुदा व तस्करी के शिकार बच्चों को परिवार से मिलाने को विशेष समिति गठित

## – उच्चतम न्यायालय के निर्देशों के तहत जिले में विशेष अभियान शुरू

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। उच्चतम न्यायालय के निर्देशों के अनुपालन में गुमशुदा एवं तस्करी के शिकार बच्चों को उनके परिवारों से पुनः मिलाने के उद्देश्य से जनपद में एक विशेष समिति का गठन किया गया है। यह समिति जनवरी से मार्च 2026 तक स्पेशल रीयूनिफिकेशन ड्राइव यानी विशेष अभियान का संचालन करेगी। जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय कुमार ने बताया कि गठित समिति का उद्देश्य ऐसे बच्चों की पहचान कर उन्हें सुरक्षित रूप से उनके परिवारों से मिलाना है, जो किसी कारणवश उनसे बिछुड़ गए हैं। गठित समिति में बाल कल्याण समिति इटावा के अध्यक्ष दीप नारायण शुक्ला, जिला बाल संरक्षण इकाई के संरक्षण अधिकारी सोहन गुप्ता, चाइल्ड हेल्पलाइन की प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर कीर्ति गुप्ता, परामर्शदाता मोव वसीम, सामाजिक कार्यकर्ता बेबी तबस्सुम तथा समाजसेवी प्रेम कुमार शाक्य के नाम शामिल हैं। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने न्यायालय के आदेश का अनुपालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं। इस संबंध में जिलाधिकारी को भी सूचनार्थ अवगत करा दिया गया है।

# 24 मुकदमों वाला हिस्ट्रीशीटर रायफल सहित गिरफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। अपराध नियंत्रण की दिशा मे प्रभावी कार्यवाही करते हुये पुलिस द्वारा 01 हिस्ट्रीशीटर वाँछित अभियुक्त को पुलिस मुठभेड़ मे किया गया गिरतार, कब्जे से 01 फैक्ट्री मेड



रायफल 315 बोर व 04 खोखा कारतूस व 6 अदद जिंदा कारतूस 315 बोर, 01 मोबाइल फोन तथा घटना मे प्रयुक्त 01 कार ह्युण्डई एक्सेंट बिना नम्बर प्लेट की गयी बरामद। अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उप महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण एवं अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण इटावा के मार्गदर्शन एवं क्षेत्राधिकारी भरथना के नेतृत्व में थाना बकेवर पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही। जनपद मे अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम एवं वांछितध्वारंटी अभियुक्तों की गिरतारी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम मे थानाध्यक्ष बकेवर मय पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत सुनवर्षा अण्डरपास के निकट संन्दिग्ध व्यक्ति वाहन चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान बरोख की तरफ से 01 कार तेज गति से आती दिखायी दी। उक्त कार को पुलिस टीम द्वारा रोकने का प्रयास किया तो कार सवार अभियुक्त द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर किया गया तथा भागने का प्रयास किया गया। पुलिस टीम द्वारा तत्काल इसकी सूचना थाना पुलिस को देते हुये कार का पीछा गया। उरैन गांव के पास निवाडी से लुधियानवी जाने वाले मुख्य मार्ग पर स्वयं को पुलिस टीमों से घिरता देख कार सवार अभियुक्तों द्वारा पुनः पुलिस टीम पर फायर किया गया। जिस पर पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग की गयी जिसमे 01 गोली अभियुक्त प्रवीन उर्फ मंगल यादव उर्फ सुनील कुमार पुत्र रणवीर सिंह के दाहिने पैर में लगी जिसे घायल अवस्था में 01 फैक्ट्री मेड रायफल 315 बोर, 04 खोखा कारतूस तथा 06 जिंदा कारतूस सहित गिरतार किया गया। 01 अभियुक्त मौके का फायदा उठाकर भागने मे सफल रहा जिसकी गिरतारी हेतु पुलिस टीम निरंतर प्रयासरत है। घटना मे प्रयुक्त ह्युण्डई एक्सेंट कार को धारा 207 एमवीएक्ट के तहत सीज किया गया। उक्त गिरतारी एवं बरामदगी के संबंध मे थाना बकेवर पर सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजी.त कर अग्रिम विधिक कार्यावाही की जा रही है। नोट गिरतार अभियुक्त प्रवीन उर्फ मंगल यादव उर्फ सुनील कुमार पुत्र रणवीर सिंह शातिर किस्म का हिस्ट्रीशीटर अपराधी है, जिसके विरुद्ध लूट, डकैती, चोरी, धोखाधड़ी, हत्या के प्रयास, आर्म्स एक्ट, गैंगस्टर एक्ट व एनडीपीएस एक्ट सहित विभिन्न गंभीर प्र.ति के कुल 24 अभियोग विभिन्न जनपदों में पंजी.त हैं। गिरतार अभियुक्त का नाम। प्रवीन उर्फ मंगल यादव उर्फ सुनील कुमार पुत्र रणवीर सिंह निवासी ग्राम हरचन्द्रपुरा थाना सिविल लाइन जनपद इटावा आपराधिक इतिहास अभियुक्त प्रवीन उर्फ मंगल यादव उर्फ सुनील कुमार पुत्र रणवीर सिंह हिस्ट्रीसीटर थाना सिविल लाइन इटावा पर पूर्व से कई जनपद के थानों में 24 मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष बकेवर विपिन मलिक, उ0नि0 स्वदेश कुमार, हे0का0 संजीव, हे0का0 गजेन्द्र कुमार, का0 सतीश कसाना, का0 रवि पंवार, विजय कुशवहा, का0 संजय, का0 सुभम सैनी।

# एसएसपी की जनसुनवाई में फरियादियों को मिला न्याय का भरोसा

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा पुलिस कार्यालय में नियमित रूप से आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जनसुनवाई में जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों से



आए फरियादियों ने अपनी समस्याएं एवं शिकायतें प्रस्तुत कीं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और प्राप्त प्रार्थना पत्रों पर न्यायोचित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण का आश्वासन दिया। उन्होंने संबंधित राजपत्रित पुलिस अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों से स्वयं वार्ता कर शिकायतों के शीघ्र समाधान हेतु आवश्यक निर्देश दिए। एसएसपी इटावा ने कहा कि फरियादियों की शिकायतों का समयबद्ध, निष्पक्ष एवं प्रभावी निस्तारण करना इटावा पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जनसुनवाई के माध्यम से पुलिस और आमजन के बीच विश्वास को और सु.ढ़ किया जा रहा है।

# अधिष्ठाता डॉ. डी. सिंह के नेतृत्व में आयोजित हुई प्रेरणादायी दौड़

## - स्वदेशी और राष्ट्र निर्माण का संदेश लेकर दौड़े छात्र-छात्राएं




न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। .षि अभियंत्रण संकाय में युवा दिवस पर आयोजित हुई दौड़। चंद्रशेखर आजाद .षि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कानपुर के अधीन संचालित .षि अभियंत्रण संकाय में राष्ट्रीय युवा दिवस पर अधिष्ठाता डॉ डी. सिंह के नेतृत्व में एक दौड़ का आयोजन रन फॉर स्वदेशी के नाम से किया गया जोकि महाविद्यालय के अकादमिक परिसर से शुरू होकर जिला अस्पताल होते हुए वापस महाविद्यालय परिसर में संपन्न हुई। रन फॉर स्वदेशी दौड़ में महाविद्यालय के सभी छात्र–छात्राओं ने प्रतिभाग किया इस दौड़ में डॉक्टर अजीत सिंह, अधिष्ठाता मत्स्य एवं दुग्ध प्रौद्योगिकी महाविद्यालय, डॉ केके पटेल, डॉ टीके माहेश्वरी, सत्येंद्र पाल सहित सभी टीचिंग स्टाफ एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# एसआईआर अभियान के द्वितीय चरण में भाजपा कार्यकर्ता बूथों पर डटे

## - नए मतदाता जोड़ने में दिखा उत्साह

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। छह जनवरी को मतदाता सूची जारी होने के बाद प्रदेश भर में मतदाता गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के द्वितीय चरण की शुरुआत हो चुकी है। शीर्ष नेतृत्व के निर्देशानुसार भाजपा जिलाध्यक्ष अरुण कुमार अन्नू गुप्ता के आह्वान पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता अपने–अपने बूथों पर रहकर बीएलओ के माध्यम से फॉर्म–6 भरवाकर नए मतदाताओं को जोड़ने में सक्रिय रूप से जुटे हुए हैं। बीते रविवार को निर्वाचन आयोग द्वारा आयोजित विशेष अभियान के तहत जनपद के सभी बीएलओ ने अपने–अपने बूथों पर बैठकर मतदाता सूची का वाचन किया। जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता के निर्देश पर विधायक, पूर्व सांसद, ब्लॉक प्रमुख, सभासद, जिला पदाधिकारी, मोर्चा अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, शक्तिकेंद्र संयोजक एवं बूथ अध्यक्ष सहित संगठन का प्रत्येक कार्यकर्ता अपने–अपने बूथ पर उपस्थित रहा। सदर विधायक सरिता भदौरिया ने सदर विधानसभा के शीतला प्रसाद सोरावाल शक्तिकेंद्र के बूथ संख्या 291 से 297 तक पहुंचकर नए मतदाताओं के फॉर्म–6 भरवाए। उन्होंने बताया कि वर्तमान मतदाता सूची और वर्ष 2003 की मतदाता सूची का तुलनात्मक अध्ययन कर नए मतदाता जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। साथ ही एएसडी सूची में डाले गए मतदाताओं के वैध दस्तावेज संबंधित अधिकारियों को दिखाकर उनके वोट सुरक्षित रखने का प्रयास किया जा रहा है। भाजपा जिलाध्यक्ष अरुण कुमार अन्नू गुप्ता ने सदर विधानसभा के वीणा वादिनी शक्तिकेंद्र के बूथ संख्या 156 से 162 तक पहुंचकर नए मतदाताओं के फॉर्म भरवाए। उन्होंने बताया कि जनपद के समस्त बूथों पर कार्यकर्ताओं द्वारा फॉर्म–6 से नए मतदाता जोड़ने, फॉर्म–7 से मृत व डबल वोट कटवाने तथा फॉर्म–8 से



त्रुटि सुधार एवं वोट ट्रांसफर का कार्य किया गया है। एसआईआर अभियान के जिला संयोजक व जिला महामंत्री शिवाकांत चौधरी ने जसवंतनगर विधानसभा के भतौरा शक्तिकेंद्र के बूथ संख्या 155 व 156 पर उपस्थित रहकर नए मतदाताओं के फॉर्म–6 भरवाए। अभियान में प्रमुख रूप से पूर्व सांसद प्रेमदास कठेरिया, पूर्व विधायक सावित्री कठेरिया, सिद्धार्थ शंकर दोहरे, जिला महामंत्री प्रशांत राव चौबे, जिला उपाध्यक्ष विक्रम अग्रवाल, जिला मंत्री ममता कुशवाहा, रजत चौधरी, डॉ. ज्योति वर्मा, राहुल राजपूत, चक्रेश जैन, जिला मीडिया प्रभारी रोहित शाक्य, समीर सक्सेना सहित मंडल एवं बूथ स्तर के समस्त पदाधिकारी और कार्यकर्ता अपने–अपने बूथों पर उपस्थित रहे।

# पुलिस लाइन के सामने मौत का होर्डिंग पोल

न्यूज वाणी ब्यूरो



हापुड़। पुलिस लाइन के मुख्य गेट के दाहिने तरफ सड़क पर लगा एक होर्डिंग पोल बड़ी दुर्घटना को न्यौता दे रहा है। यह पोल सड़क के करीब एक चौथाई हिस्से में बीचों–बीच खड़ा है, जिससे वाहन चालकों को लगातार जोखिम उठाना पड़ रहा है। खास बात यह है कि यह खतरनाक पोल हापुड़ के पुलिस अधीक्षक (एसपी) कुंवर ज्ञानंजय सिंह के आवास से महज कुछ दूरी पर स्थित है। स्थानीय लोगों और राहगीरों का सवाल है कि यातायात व्यवस्था की जिम्मेदारी संभालने वाले अधिकारी इस ओर ध्यान क्यों नहीं दे रहे? क्या पुलिस लाइन के सामने ही किसी बड़ी दुर्घटना का इंतजार किया जा रहा है? यह लापरवाही न केवल आम नागरिकों की जान जोखिम में डाल रही है, बल्कि पुलिस प्रशासन की छवि पर भी सवाल खड़े कर रही है। यातायात क्षेत्रीय अधिकारी (ब्)राहुल कुमार ने इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए बताया कि होर्डिंग पोल को जल्द से जल्द हटवा दिया जाएगा। उन्होंने कहा, ष्दुर्घटना की आशंका को देखते हुए तत्काल कार्रवाई की जाएगी ताकि किसी अनहोनी से बचा जा सके। प्रशासन की इस प्रतिक्रिया से उम्मीद है कि जल्द ही यह खतरा दूर होगा, लेकिन स्थानीय निवासियों की मांग है कि ऐसी लापरवाही को रोकने के लिए स्थायी व्यवस्था होनी चाहिए।

# भरेह थाना क्षेत्र में महिला पुलिस टीम ने पंपलेट वितरण कर दी जानकारी

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जनपद में मिशन शक्ति फेज–5.0 अभियान के अंतर्गत 12 जनवरी को थाना भरेह पर गठित महिला मिशन शक्ति टीम द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। महिला पुलिस टीम ने विभिन्न स्थानों पर पहुंचकर महिलाओं व बालिकाओं को मिशन शक्ति के तहत पंपलेट वितरित



किए तथा महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों, साइबर अपराध से बचाव और स्वास्थ्य संबंधी सेवाओं की जानकारी दी। इस दौरान उन्हें आत्म–सुरक्षा, सतर्कता एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश भी दिया गया। कार्यक्रम में महिलाओं को 112 पुलिस आपात सेवा, 1090 वीमेन पावर लाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 1930 साइबर क्राइम हेल्पलाइन, 108 एंबुलेंस सेवा सहित अन्य महत्वपूर्ण नंबरों की जानकारी दी गई, ताकि आवश्यकता पड़ने पर वे तुरंत सहायता प्राप्त कर सकें। इसके साथ ही महिला पुलिस टीम ने विधवा पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, आयुष्मान भारत स्वास्थ्य बीमा योजना सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया और पात्र लाभार्थियों से इन योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। महिला मिशन शक्ति टीम ने छात्र–छात्राओं को शिक्षा को प्राथमिकता देने, नशे से दूर रहने तथा सीखी गई जानकारी को परिवार व समाज में साझा करने का संदेश दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को सशक्त, सुरक्षित एवं जागरूक बनाना रहा।

# राष्ट्र गौरव पारस रत्न शिक्षक सम्मान से अमित को किया सम्मानित

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। समाजसेवी संस्था एक गूंज सेवा समिति उत्तर प्रदेश का स्थापना दिवस जय नारायण सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज बरेली में आयोजित किया गया। जिसमें उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, गुजरात, जम्मू, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली और उत्तर प्रदेश के शिक्षक, समाजसेवियों और खिलाड़ी सहित 151 लोगों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जनपद इटावा, विकास खंड ताखा के उच्च प्राथमिक विद्यालय सोरों के शिक्षक अमित सिंह चौहान को शराष्ट्र गौरव पारस रत्न शिक्षक सम्मान 2026 से सम्मानित किया गया। शिक्षक को यह सम्मान शिक्षा के क्षेत्र में उनके नवाचारी प्रयासों, गुणवत्तापूर्ण शिक्षण और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ अरुण कुमार ने कहा समाज




सेवा के क्षेत्र में एक गूंज द्वारा उत्तर प्रदेश में नहीं बल्कि विभिन्न राज्यों में कार्य किया जा रहा है समाज सेवा के हर कार्य में संस्था बढ़–चढ़कर हिस्सा ले रही है शिक्षक ही समाज की दिशा और दशा बदलने का कार्य करते हैं और समाज को ऊंचाइयों पर पहुंचाते हैंएससी एसटी आयोग के सदस्य उमेश कठेरिया ने कहा संस्था द्वारा जो कार्य किये जा रहे हैं वो सराहनीय हैं। समाज की दिशा और दशा बदलने का कार्य शिक्षकों के द्वारा किया जाता है यह सम्मान समारोह निरंतर किया जा रहा है इसके लिए संस्था बधाई की पात्र है प्रोफेसर रामबाबू सिंह ने कहा आज संस्था उत्तर प्रदेश में नहीं, बल्कि पूरे भारत में संस्था का विस्तार हो गया है इसी तरह से निरंतर शिक्षा और समाज के क्षेत्र में कार्य करती रहे। प्रधानाचार्य डॉ रवि शरण सिंह चौहान ने कहा संस्था द्वारा जगपाल सिंह चौहान स्मृति राष्ट्र शिक्षक सम्मान 2026 से शिक्षकों को सम्मानित किया गया है जो कि सराहनीय प्रयास है। संस्था के अध्यक्ष प्रतिपाल सिंह (बंटी ठाकुर) ने संबोधित करते हुए कहा संस्था का आज छठें स्थापना दिवस में 11 राज्यों के 151 लोगों को सम्मानित किया किया गया है जो संस्था के लिए महत्वपूर्ण पल है। स्थापना दिवस के अवसर पर प्रमुख रूप से वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ अरुण कुमार, शिक्षा निदेशक माध्यमिक डॉ महेंद्र देव, एससी एसटी आयोग के सदस्य उमेश कठेरिया, प्रतिपाल सिंह (बंटी ठाकुर) प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# सपा व्यापार सभा की मासिक बैठक में समस्याओं पर हुआ मंथन

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। समाजवादी व्यापार सभा की मासिक बैठक समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता विकास गुप्ता विक्की के सानिध्य में सम्पन्न हुई। बैठक के



मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी के जिला कोषाध्यक्ष बृजेन्द्र यादव रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला सचिव राहुल गुप्ता गींजा उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता सुरेश चंद वर्मा ने की तथा संचालन जिला मंत्री हरीश जौहरी एवं जिलाध्यक्ष राजीव चंदेल ने संयुक्त रूप से किया। बैठक में व्यापारियों की समस्याओं, महंगाई, बाजार व्यवस्था एवं व्यापारिक हितों से जुड़े विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। मुख्य अतिथि बृजेन्द्र यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी सदैव व्यापारियों के साथ खड़ी रही है और उनके हितों की रक्षा के लिए हर स्तर पर संघर्ष करेगी। बैठक में जिला उपाध्यक्ष जितेन्द्र सोनी, हर्ष भदौरिया, प्रतिष्ठित व्यापारी आकाशदीप जैन, प्रमित दीक्षित एवं रंजीत सिंह सहित अनेक वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में व्यापार सभा के कोषाध्यक्ष श्रवण कुमार गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष संतोष सोनी, जैनुल आब्दीन, शहर अध्यक्ष मोहम्मद शाह खालिद, शहर उपाध्यक्ष शिवम वर्मा, शहर सचिव आसिफ वारसी, लाइन पार प्रभारी दुष्यन्त कुमार सहित बड़ी संख्या में व्यापारी उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय युवा दिवस पर विधिक सेवा प्राधिकरण का जागरूकता अभियान

## - दो विद्यालयों में कार्यक्रम आयोजित

न्यूज वाणी ब्यूरो

जसवंतनगर, इटावा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर जनपद के दो विद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रमों के माध्यम से छात्र–छात्राओं को निःशुल्क विधिक सहायता, लोक अदालत, नशा



निवारण, बाल संरक्षण एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए सामाजिक दायित्वों के प्रति जागरूक किया गया। पीएलवी अधिकार मित्र ऋषभ पाठक के संयोजन में बीएसटी इंटर कॉलेज बलरई में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों की जानकारी दी गई तथा नशा निवारण का संदेश दिया गया। इस अवसर पर युवाओं से स्वामी विवेकानंद जी के आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया गया। ऋषभ पाठक ने लोक अदालत के माध्यम से विभिन्न वादों के त्वरित निस्तारण की प्रक्रिया की जानकारी दी। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य केके कनोजिया, उप प्रधानाचार्य राम प्रकाश, प्रवक्ता सुभाष चंद्र, विनय, जितेंद्र सहित शिक्षकगण उपस्थित रहे। वहीं पीएलवी अधिकार मित्र कु. नीरज के संयोजन में अशोक इंटर कॉलेज अंडावली कोकावली मेंराष्ट्रीय युवा दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समाजसेवी प्रेम कुमार शाक्य ने कहा कि बच्चों की सुरक्षा और उनके भविष्य को सुरक्षित करना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना तथा स्पॉन्सरशिप योजना की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि ये योजनाएं अनाथ, असहाय एवं जरूरतमंद बच्चों के लिए अत्यंत उपयोगी हैं। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य करतार सिंह किरार, प्रवक्ता राजकुमार सिंह, भगत सिंह, सहायक अध्यापक नाहर सिंह, राजेश कुमार यादव, रंजीत वर्मा, जितेंद्र कुमार सहित विद्यालय स्टाफ एवं छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

# प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद पंकज चौधरी का प्रथम अयोध्या आगमन

## – विधायक ने रौनाही टोल प्लाजा पर किया ऐतिहासिक स्वागत

न्यूज वाणी ब्यूरो /अयोध्या। प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी का पहला अयोध्या आगमन ऐतिहासिक और भव्य रहा। इस अवसर पर रौनाही टोल प्लाजा पर ढोल–नगाड़ों की गूंज, फूल–मालाओं की वर्षा और गगनभेदी नारों के बीच उनका जोरदार स्वागत किया गया। पूरा क्षेत्र भगवामय वातावरण में सराबोर नजर आया। प्रदेश अध्यक्ष के स्वागत कार्यक्रम का नेतृत्व विधायक श्री चंद्रभानु पासवान ने किया। उन्होंने अपने हजारों समर्थकों के साथ रौनाही टोल पर 501 किलो पुष्पों की वर्षा



कर पंकज चौधरी का भव्य अभिनंदन किया। इस दौरान उन्हें फूलों की माला पहनाई गई तथा हनुमान जी की गदा भेंट कर सम्मानित किया गया। इसके पश्चात चन्द्रभानु पासवान लगभग 500 गाड़ियों के अपने विशाल काफिले के साथ प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी के साथ अयोध्या में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों के लिए रवाना हुए। स्वागत समारोह में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और पदाधिकारी शामिल हुए। हर स्थान पर कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह और जोश देखने को मिला। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, सम्भू सिंह, महंत राजूदास, इमरान खान, अरविंद कुमार, अशोक कसौधन सहित अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। कुल मिलाकर, प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी का यह प्रथम अयोध्या दौरा संगठन को मजबूत करने और कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार करने वाला साबित हुआ।

# सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता का अभिभावक संघ ने किया स्वागत

## – दिल्ली विश्वविद्यालय अधिवक्ता पैनल में चयन होने पर दी बधाई

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। उच्चतम न्यायालय



के युवा अधिवक्ता अनिमेष शुक्ला के जनपद आगमन पर जिला अभिभावक संघ ने फूल–माला पहनाकर उत्साहपूर्वक स्वागत किया तत्पश्चात दिल्ली विश्वविद्यालय अधिवक्ता पैनल में चयन होने पर उन्हें बधाई दी। जिला अभिभावक संघ के संरक्षक देवेन्द्र त्रिपाठी सप्पू ने युवा अधिवक्ता को शाल पहनाया। अध्यक्ष दीपक कुमार डब्लू ने उपहार प्रदान किया। इसके अलावा अन्य लोगों ने भी माला पहनाकर व मिश्ठान खिलाकर सम्मान व शुभकामनाएं दी। युवा अधिवक्ता ने बताया कि दिल्ली विश्वविद्यालय पैनल में आज तक के वह सबसे कम उम्र व कम समय विधि व्यवसाय करने वाले अधिवक्ता हैं। उन्हें मात्र एक वर्ष प्रैक्टिस के हुए हैं। उन्होने कहा कि युवाओं को अगर अपने कार्य की पूर्ण जानकारी हो और वह पूरी मेहनत लगन के साथ अपने काम करे तो कुछ भी असंभव नही है। उन्होने कहा कि वह जनपदवासियों की सेवा के लिए सदैव तत्पर रहेंगे। इस मौके पर कोषाध्यक्ष सतेन्द्र गुप्ता, रवीन्द्र यादव, अनुपम लोधी, राजेश तिवारी, उदयभान सिंह, रवी सोनू, अनुपम लोधी, गरिमा देवी, विक्रम सिंह भी मौजूद रहे।



# प्रदेश स्तरीय चयन व ट्रायल्स की तिथि घोषित

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जिला क्रीड़ा अधिकारी सुनील कुमार भारती ने बताया कि खेल निदेशालय के पत्रांक एवं भारतीय खेल प्राधिकरण के पत्रांक के क्रम में जनपद गोरखपुर, देवरिया, कुशीनगर एवं महाराजगंज के अनुसूचित जनजाति के खिलाड़ियों को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ में प्रथम खेलो इंडिया ट्रायल्स गेम्स का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें तीरंदाजी प्रतियोगिता के लिए सोनभद्र में 13 जनवरी, एथलेटिक्स एवं कुश्ती प्रतियोगिता के लिए मिर्जापुर में 13 जनवरी व फुटबॉल, हॉकी, तैराकी, भारोत्तोलन प्रतियोगिता के लिए वाराणसी में भी 13 जनवरी को चयन एवं ट्रायल्स किया जाएगा। इच्छुक प्रतिभागी अपने साथ अनुसूचित जनजाति का प्रमाण पत्र एवं निवास प्रमाण पत्र जो राज्य के सक्षम अधिकारी द्वारा जारी किया गया हो उसकी प्रति अपने साथ लेकर निर्धारित तिथियों एवं स्थानों पर उपस्थित होकर प्रदेश स्तरीय चयन/ट्रायल में भाग ले सकते हैं। जिसके लिए खेल विभाग द्वारा किसी प्रकार का कोई व्यय देय नहीं होगा।

# पेंशनरों ने स्वामी विवेकानन्द की मनाई जयंती

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। शहर के तांबेश्वर नगर स्थित अध्यक्ष शिवसागर साहू के आवास पर केन्द्रीय पेंशनर्स एसोसिएशन की मासिक बैठक आयोजित हुई। अध्यक्षता हृयदेश कुमार श्रीवास्तव व संचालन महामंत्री केपी सिंह कछवाह ने किया।

मुख्य अतिथि वरिष्ठ नागरिक वेलफेयर एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष कालीशंकर श्रीवास्तव रहे। बैठक में स्वामी विवेकानन्द की जन्म जयंती मनाई गई। सभी पेंशनरों ने स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। उनके चरित्र पर प्रकाश डाला। अध्यक्ष शिवसागर ने सभी देशवासियों को मकर संक्रांति के पावन पर्व की बधाई दी। अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार सामाजिक सेवा हेतु जुनू अवार्ड प्राप्त करने हेतु मुख्य अतिथि कालीशंकर श्रीवास्तव को सभी पेंशनरों ने बधाई दी। अध्यक्ष शिवसागर ने सैटेलाइट के सफल परीक्षण पर इसरो को बधाई दी। बैठक की अध्यक्षता करते हुए हृदयेश कुमार ने विवेकानंद जी के बारे में अवगत कराया। मुख्य अतिथि ने उनके कृतित्व व व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। बैठक में श्याम सुन्दर श्रीवास्तव, कृष्णावतार यादव, विजय सिंह, सुखपाल आदि मौजूद रहे।

# ट्रक की टक्कर से कार सवार डाक्टर दंपति घायल

## - 102 एंबुलेंस ने अस्पताल में कराया भर्ती

न्यूज वाणी ब्यूरो /फतेहपुर। थरियांव थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे के समीप तेज रतार ट्रक ने कार सवारों को पीछे से टक्कर मार दी। जिससे कार सवार डाक्टर दंपति गंभीर रुप से घायल हो गए। घायल अवस्था में इलाज के लिए जिला अस्पताल सरकारी 102 एम्बुलेंस से पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर उपचार के बाद हालात गंभीर बताते हुए 108 एंबुलेंस से रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार चंडीगढ़ निवासी डॉ मनीष 35 वर्ष, डॉ पल्लवी 29 वर्ष प्रयागराज से कानपुर की तरफ़ जा रहे थे। जब उनकी कार थरियांव ओवर ब्रिज के समीप पहुंची तो पीछे से आ रहे तेज रतार ट्रक ने उनकी कार में टक्कर मार दी। जिससे कार सवार दंपति गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने मौके से गुजर रही 102 सरकारी एंबुलेंस को रोक कर दोनों घायलों को जिला अस्पताल भेज दिया। एंबुलेंस के ईएमटी नीलू देवी व पायलट सुकेश ने घायलों को जिला अस्पताल अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने हालत गंभीर होने पर रेफर कर दिया।

# मधुमक्खियों ने वृद्ध पर किया हमला, घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। सदर कोतवाली क्षेत्र के पक्का तालाब आरा मशीन में मिस्त्री को मधुमक्खियों के झुण्ड ने हमला बोलकर घायल कर दिया। जिसे उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार मसवानी मुहल्ला निवासी अनंतराम के पुत्र रामजी मिश्रा 65 वर्ष सुबह दस बजे पक्का तालाब आरामशीन गए थे। तभी अचानक मधुमक्खियों ने हमला बोल दिया। जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। परिजनों ने उसे तत्काल निजी वाहन से उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां उसका उपचार चल रहा है।

# राष्ट्रीय युवा दिवस में छात्र-छात्राओं को दी जानकारी



न्यूज वाणी ब्यूरो /खागा, फतेहपुर। नगर के सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज में सोमवार को स्वामी विवेकानंद की जयंती पर राष्ट्रीय युवा दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्रधानाचार्य गजेंद्र सिंह ने स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पार्चन से की। कार्यक्रम प्रमुख राम कुमार विश्वकर्मा ने स्वामी विवेकानंद के जीवन के एक संस्मरण को प्रस्तुत करते हुए उनके जीवन पर विस्तृत प्रस्तुत की। प्रधानाचार्य गजेंद्र सिंह ने कहा कि स्वामी विवेकानंद का जीवन एवं दर्शन हम सबके लिए प्रेरणा का स्रोत है। हमें उनके आदर्शों पर चलकर अपने जीवन को सफल बनाना चाहिए। कार्यक्रम में प्रतिभागी छात्र छात्राओं में पूर्णिमा केसरवानी, शुभेन्द्र प्रताप सिंह, प्रतिमा सिंह, शौर्य गुप्ता, लक्ष्मी, शिवानी निषाद और मरियम अपनी श्रेष्ठतम प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में परिवार उपस्थित रहा।

# साइकिल से टकराकर बाइक सवार युवक घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो /फतेहपुर। असोथर कस्बा के समीप सोमवार की सुबह बाइक से जा रहे 48 वर्षीय युवक सामने से आ रही साइकिल से टकराकर घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार असोथर कस्बा निवासी बचान का पुत्र बबलू सुबह दस बजे बाइक से खागा की ओर आ रहा था। जैसे ही वह गांव से कुछ दूर पहुंचा तभी सामने से आ रहे साइकिल सवार को टक्कर मारते हुए अनियंत्रित होकर बाइक गिर गई जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पाकर पहुंची सरकारी एंबुलेंस ने घायल को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

# पूर्व विधायक ने दो सौ टीमों को वितरित की खेलकूद किट

## - विवेकानंद यूथ क्लब का हुआ कार्यक्रम, निकाली बाइक रैली

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। लोक विहार कॉलोनी स्थित पूर्व विधायक विक्रम सिंह के कार्यालय में विवेकानन्द यूथ



क्लब कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विवेकानन्द यूथ क्लब के संस्थापक विक्रम सिंह की अध्यक्षता में कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। शुभारम्भ विवेकानन्द जी की प्रतिमा में माल्यार्पण कर व दीप प्रज्जवलन कर किया गया। युवाओं के साथ पूर्व विधायक की अगुवई में नगर क्षेत्र में मोटरसाइकिल रैली निकाली गयी। जनपद के सभी विधानसभाओं की ग्राम पंचायतों से आये युवाओं को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक ने कहा कि उन्होने अपने निजी वेतन से इस क्लब की स्थापना कर खेलकूद की किटों का वितरण कराने का कार्य किया है। इससे ग्राम पंचायतों के युवाओं में खेल भावना जागृत होगी। युवाओं को नई ऊर्जा देने के लिए तथा युवाओं को विवेकानन्द जी के पदचिन्हों में चलने के लिए इस योजना को बनाया है। विवेकानन्द यूथ क्लब के माध्यम से सद्भावना का संस्कार प्रस्फुटित हुआ है। युवाओं को धन्यवाद देते हुए क्लब में जोडने का कार्य किया। विक्रम सिंह ने कहा कि जनपद में कोई भी युवा खेल में पीछे नहीं रहना चाहिए। पूर्व विधायक ने ब्लाक क्षेत्र तेलियानी, हसवा, भिटौरा, असोथर, हथगांम, बहुआ, खजुहा, मलवां, अमौली, नगर फतेहपुर, बिन्दकी, जहानाबाद, खागा, हुसेनगंज, अयाहशाह, से आयी 200 दो सौ टीमों को खेलकूद किट देकर प्रोत्साहित किया। इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष प्रमोद द्विवेदी, दिनेश बाजपेई, राजा सिंह जिलाध्यक्ष विवेकानन्द यूथ क्लब, ओम मिश्रा, अभिषेक शुक्ला, बच्चा तिवारी, धन्नंजय द्विवेदी, अर्पणा सिंह, पुष्पराज पटेल, माता बदल लोधी, अर्चना त्रिपाठी, शिवानी राजपूत, ब्रजेश द्विवेदी, संजय श्रीवास्तव, शोल्डी गुप्ता, प्रेमा सिंह राठौर, गायत्री सिंह, मधु शर्मा, ज्योति प्रवीण, सुनिधि तिवारी, प्रभा लोधी, कुलदीप भदौरिया, शैलेन्द्र रघुवंशी, बलकेश, आदित्य, आयुष, अखिलेश, रिषभ गुप्ता, शुभम त्रिपाठी, विपेन्द्र यादव, विशिष्ठ, उत्कर्ष दीपक बाल्मीकि, महेन्द्र लोधी, अभिषेक गौतम समेत हजारों की तादात में युवा मौजूद रहे।

# साथी की मौत से आहत व्यापारी संगठनों ने सौपे ज्ञापन

## - नगर में बड़े वाहनों की नो इंट्री लगाए जाने की मांग

न्यूज वाणी ब्यूरो

खागा, फतेहपुर। गत दिनों नगर के व्यापारी हुकुम चन्द्र की सड़क दुर्घटना में हुई मौत से आहत व्यापारी संगठनों ने अलग-अलग अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर घटना के प्रति जहां आक्रोश जताया वहीं नगर में बड़े वाहनों की नो इंट्री लगाए जाने के साथ ही फुटपाथ पर फैले अतिक्रमण को हटाने व पुलिस पिकेट तैनात किए जाने की मांग की। आदर्श व्यापार मंडल गर्ग गुट संपूर्ण भारत के नगर अध्यक्ष प्रशांत केशरवानी की अगुवई में पदाधिकारी एसडीएम कार्यालय पहुंचे और एक ज्ञापन सौंपकर मांग किया कि नगर के मुख्य मार्गों पर प्रातः आठ बजे से रात्रि आठ बजे तक भारी वाहनों की नो इंट्री लागू की जाए। नहर पटरी जीटी रोड एवं स्टेशन रोड पर सड़क किनारे लगने वाली फल व सब्जी की दुकानों के अलावा स्ट्रीट वेंडर्स के लिए किसी उपयुक्त स्थान पर पृथक व व्यवस्थित बाजार/वेंडिंग जोन उपलब्ध





कराया जाए। इस मौके पर अमित प्रजापति, कैलाश नामदेव, विनय केशरवानी, अम्बुज गुप्ता, आशीष अग्रहरि, पियूष सैनी भी मौजूद रहे। उधर व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष शिवचंद्र शुक्ल की अगुवाई में उपजिलाधिकारी अभिनीत कुमार, क्षेत्राधिकारी दुर्गेश दीप, प्रभारी निरीक्षक रमेश पटेल, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि रामगोपाल सिंह और अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत देवहूति पाण्डेय को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में मांग की गई कि नगर में बड़े वाहनों के आवागमन के लिए सुबह नौ बजे से रात्रि नौ बजे तक नो-एंट्री लागू की जाए, साथ ही व्यवस्थित आवागमन के लिए नगर के फुटपाथ खाली करवाए जाएं और नहर के पास पुलिया पर सायंकाल चार बजे से रात्रि आठ बजे तक पुलिस पिकेट ड्यूटी लगाई जाए। इस मौके पर बुंदेलखंड राष्ट्र समिति के केंद्रीय अध्यक्ष प्रवीण पांडेय, जिला उपाध्यक्ष राजेश चौधरी, राकेश केसरवानी, नगर अध्यक्ष अमिताभ शुक्ल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय अग्रहरि, मनोज शुक्ल, उपाध्यक्ष रामप्रकाश केसरवानी उर्फ बबलू सभासद, नदीम अहमद सिद्दकी एडवोकेट, वरिष्ठ संरक्षक कमलेश बाजपेई, संरक्षक अब्दुल हफीज हाफिज, मंत्री शमीम अहमद, राजू तिवारी, समाजसेवी सुशील गुप्त गांधी, राजा तिवारी, नीर सिंह यादव, मीडिया प्रभारी अनुपम शुक्ल उपस्थित रहे।

# महिला महाविद्यालय में हुआ सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम

## - सड़क सुरक्षा, बाल विवाह की रोकथाम के प्रति किया जागरूक

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। डॉ. भीमराव अंबेडकर महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में रोड सेटी क्लब, रेंजर्स एवं



राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य सड़क सुरक्षा, बाल विवाह की रोकथाम और समाज निर्माण में युवाओं की भूमिका पर छात्राओं को जागरूक करना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत में रोड सेटी क्लब प्रभारी डॉ0 अनुष्का छौंकर द्वारा सड़क सुरक्षा शपथ ग्रहण दिलायी गई। जिसमें छात्राओं, शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने यातायात नियमों का पालन करने, हेलमेट व सीट बेल्ट का उपयोग करने तथा सुरक्षित ड्राइविंग को अपनाने का संकल्प लिया। इसके पश्चात छात्राओं द्वारा प्रस्तुत नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सड़क दुर्घटनाओं के कारणों और उनसे बचाव के उपायों को प्रभावशाली ढंग से दर्शाया गया। इसके साथ ही राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत प्रभारी प्रो0 लक्ष्मीना भारती द्वारा बाल विवाह रोकने हेतु शपथ दिलाई गई। छात्राओं ने 18 वर्ष से कम आयु में विवाह न करने, समाज में बाल विवाह के विरुद्ध आवाज़ उठाने तथा लोगों को इसके दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर विशेष भाषण भी आयोजित किया गया, जिसमें सड़क सुरक्षा क्लब के स्वयंसेविकाओं द्वारा युवाओं को स्वामी विवेकानंद के विचारों से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का संदेश दिया गया। इतिहास विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर आनंदनाथ ने राष्ट्र निर्माण में स्वामी विवेकानंद की भूमिका पर विस्तृत आख्यान देते हुए कहा कि अनुशासित, जागरूक और जिम्मेदार युवा ही सशक्त भारत की नींव हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजेश यादव ने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे कार्यक्रम छात्राओं में सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करते हैं। उन्होंने सड़क सुरक्षा, बाल विवाह उन्मूलन और युवाओं की सकारात्मक भूमिका को समय की आवश्यकता बताया। इस अवसर पर प्रो. शकुन्तला, प्रो लक्ष्मीना भारती, प्रो प्रशांत द्विवेदी, डॉ0 शरदचंद्र राय, डॉ चारु मिश्रा, रमेश सिंह, डॉ मधुलिका श्रीवास्तव, डॉ चंद्रभूषण सिंह तथा समस्त महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

# विशेष किशोर पुलिस इकाई की बैठक में कई बिंदुओं पर चर्चा

## - बाल विवाह उन्मूलन में समन्वित प्रयासों हेतु संकल्पित होने की दिलाई शपथ

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। विशेष किशोर पुलिस इकाई की आयोजित मासिक



समीक्षा बैठक पुलिस क्षेत्राधिकारी ब्रज मोहन राय की अध्यक्षता में पुलिस लाइन सभागार में आयोजित की गई। बैठक में बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद साहू ने निर्धारित एजेंडे के अनुसार बिंदुवार माह में की गई संबंधित विभागों की बच्चों के कल्याण के लिए संचालित गतिविधियों की समीक्षा की। जिसमें मुख्यतः पॉक्सो एक्ट के प्राविधान को बाल कल्याण पुलिस अधिकारी द्वारा पालन करना, भारत सरकार के निर्देशानुसार सौ दिन के बाल विवाह उन्मूलन अभियान के संचालन की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया। अभियान के सफल संचालन हेतु चाइल्ड हेल्प लाइन की समन्वयक नीरू पाठक व समग्र शिक्षा अभियान के जिला बालिका समन्वयक अरुण मिश्रा के प्रयासों की प्रशंसा की गई। बालश्रम उन्मूलन अभियान हेतु श्रम विभाग द्वारा चलाए जाते रहे बाल श्रमिकों के रेस्क्यू अभियान के प्रति असंतोष व्यक्त किया गया। विभाग के श्रम परिवर्तन अधिकारी की रेस्क्यू किए गए बालकों को बाल कल्याण समिति में पेश करने के लिए कहा गया। बच्चों में भिक्षावृत्ति की रोकथाम, धूम्रपान निषेध हेतु कोटपा एक्ट की जानकारी दी गई। बैठक में उपस्थित सभी प्रतिभागियों से बाल विवाह उन्मूलन में समन्वित प्रयासों हेतु संकल्पित होने हेतु निरीक्षक संजय पाण्डेय ने शपथ दिलाई। बैठक में जिला बाल संरक्षण इकाई के विधि सह परिवीक्षा अधिकारी धीरेन्द्र अवस्थी, बाल कल्याण समिति की सदस्य तरन्नुम, एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट के निरीक्षक संजय पाण्डेय, वन स्टॉप सेंटर की परामर्शदात्री मोहानी साहू, पॉक्सो कोर्ट के शासकीय अधिवक्ता, समस्त थानों के बाल कल्याण पुलिस अधिकारी व महिला आरक्षी उपस्थित रहीं।

# मलिन बस्ती में प्रियंका गांधी का मनाया जन्मदिन

## - कांग्रेसियों ने बच्चों संग काटा केक

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। कांग्रेस पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा का जन्मदिन जिले में सेवा और जनसंपर्क कार्यक्रम के रूप में मनाया। इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शहर की मलिन



बस्तियों में पहुंचकर गरीबों, मजदूरों और किसानों से मुलाकात की और उनके बीच जन्मदिन का आयोजन किया। कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे कांग्रेस नेता मोहसिन खान ने बच्चों के साथ केक काटकर प्रियंका गांधी का जन्मदिन मनाया। इस दौरान बच्चों को मिठाई और उपहार भी वितरित किए गए। कार्यकर्ताओं ने प्रियंका गांधी के दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना की। कांग्रेस नेता मोहसिन खान ने कहा कि प्रियंका गांधी हमेशा गरीबों, किसानों और मजदूरों की आवाज को मजबूती से उठाती रही हैं। उनका जन्मदिन जरूरतमंदों के बीच मनाकर कांग्रेस पार्टी ने समाज के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का संदेश दिया है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय कांग्रेस कार्यकर्ता और बस्ती के लोग मौजूद रहे। सभी ने प्रियंका गांधी के संघर्ष, जनसेवा और विचारों को याद करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

# खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन कर मनाई स्वामी विवेकानंद जयंती

## – स्वामी जी के आदर्शो का विश्व में एक स्थान : लोहारी

न्यूज वाणी ब्यूरो



फतेहपुर। स्वामी विवेकानंद की जन्म जयंती के उपलक्ष में बजरंगापुर में आयोजित टूर्नामेंट में भारतीय जनता पार्टी के मंडल प्रभारी एवं जिला पंचायत सदस्य अजय सिंह उर्फ रिंकू लोहारी ने पहुंचकर टूर्नामेंट के सभी युवा खिलाड़ियों को उत्साहवर्धन करते हुए स्वामी विवेकानंद जी के चरित्र के बारे में अवगत कराया। कहा कि स्वामी विवेकानंद जी युवाओं के प्रेरक हैं। विवेकानंद जी ने कहा था कि जो भी लक्ष्य बनाया हो वह जब तक पूरा न हो उसमें लगे रहिए। बजरंगापुर में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में खेल रहे सभी खिलाड़ियों को रिंकू सिंह लोहारी ने इनाम देकर उत्साहवर्धन किया। जिला पंचायत सदस्य ने बताया कि स्वामी विवेकानंद जी के आदर्शों का विष्व में एक स्थान है। भारत के सभी नवयुवक साथी उनका अनुसरण करते हुए भारत देश को 2047 में विकसित देश बनाने में पूरा सहयोग कर रहे हैं। चाहे शिक्षा हो विज्ञान हो, रक्षा हो, सामाजिक कार्यों में युवा लगातार भाग लेकर भारत देश के साथ-साथ उत्तर प्रदेश व जनपद के सभी युवा आगे बढ़ रहे हैं। क्रिकेट टूर्नामेंट के संयोजक बजरंगापुर के अरविंद, ग्राम प्रधान आदि सिंह ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया गया।

# गौशालाओं के लिए सौपे पचास तिरपाल

## – रेडक्रास चेयरमैन का सीडीओ ने जताया आभार

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। इंडियन रेडक्रास सोसाइटी के संयोजकत्व में जनपद में स्थापित होने जा रही नई गौशालाओं में गौवंश को सर्दी से बचाव हेतु 50 तिरपाल चेयरमैन डॉ अनुराग श्रीवास्तव ने मुख्य विकास



अधिकारी पवन कुमार मीना की उपस्थिति में मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ वेदव्रत गंगवार को हस्तगत किया। मुख्य विकास अधिकारी ने तत्काल पशु चिकित्साधिकारी के माध्यम से गौशालाओं में भिजवाकर कल तक लगवाने का निर्देश दिया। मुख्य विकास अधिकारी ने डॉ अनुराग के इस मानवीय कार्य की सराहना की। इस अवसर पर संयोजक दिव्यांग प्रकोष्ठ चैतन्य कुमार उपस्थित रहे।

# युवा मंगल दल के सदस्यों ने मनाया स्वामी जी का जन्मदिन

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जिला युवा कल्याण एवं प्रा0वि0द0 अधिकारी ने बताया कि स्वामी विवेकानंद जी के जन्म दिवस पर उपस्थित युवाओं एवं मंगल दल के सदस्यों ने उनके जन्म दिवस को युवा दिवस के रूप में महर्षि विद्या मंदिर के सभागार में मनाया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ जिला युवा कल्याण एवं प्रा०वि०द० अधिकारी शशि भूषण शर्मा, महर्षि विद्या मंदिर के प्राचार्य प्रमोद कुमार त्रिपाठी, संगीत अध्यापिका सुमन दीक्षित, समस्त क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रा०वि०द० अधिकारियों अनिल कुमार क०सहायक एवं अन्य उपस्थित लोगों द्वारा विवेकानंद जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पण एवं माल्यार्पण कर किया गया। संचालन क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी अमित ने किया। विवेकानंद जी के जीवन एवं सिद्धांतों पर साक्षी सचान पुत्री योगेन्द्र कुमार, सार्थक पटेल पुत्र अभिषेक वर्मा, मैत्रेय सिंह पुत्र राहुल सिंह एवं सुयस पाण्डेय पुत्र विनोद कुमार पाण्डेय द्वारा प्रकाश डाला गया। उनके द्वारा बताये हुए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर विद्यालय की बालिकाओं द्वारा विवेकानंद जी के जीवन पर गीत प्रस्तुत किया गया।

स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक, फतेहपुर किंग सेवा संस्थान के लिये नफीस अह्मद जाफरी द्वारा जाफरी प्रिन्टर्स 170 महाजरी फतेहपुर उ0प्र0 से मुद्रित एंव प्रकाशित । सम्पादक नफीस अह्मद जाफरी मो0 9451548620 R.N.I : UPHIN/ 2011/44792 (समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र फतेहपुर )